CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 81 | जयपुर, शुक्रवार 10 अप्रेल, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो और जयपुर ट्रेफिक मैनेजमेंट को लेकर अलग-अलग मैराथन बैठक की

**केंद्र से मंजूरी मिलने के तुरंत बाद जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को शुरू करने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अलर्ट मोड पर, जयपुर ट्रेफिक मैनेजमेंट की बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, परिवहन विभाग और पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल भी रहे मौजूद, जयपुर मेट्रो को लेकर हुई बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और जयपुर मेट्रो स्टेशन से जुड़े अधिकारी भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** केंद्र की मोदी सरकार से जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण की मंजूरी मिलने के तुरंत बाद के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करने को लेकर अलर्ट मोड पर दिख रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने गुरुवार को जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई इस बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के अलावा जयपुर मेट्रो कॉरपोरेशन प्रशासन से जुड़े अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और विशिष्ट लोग मौजूद रहे, बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो की वर्तमान गतिविधियों के बारे में मेट्रो प्रशासन से जुड़े लोगों से विभिन्न तरह की जानकारियां हासिल की और जयपुर मेट्रो की यात्री भार, इनकम, लागत, नुकसान इत्यादि विषयों के बारे में जानकारी हासिल की जयपुर मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने जयपुर मेट्रो की तमाम गतिविधियों के बारे में लेखा-जोखा मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया । महत्वपूर्ण बात यह है कि जयपुर मेट्रो के यात्री भार में लगातार तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और जयपुर मेट्रो के प्रति जयपुर के लोगों का आकर्षक लगातार बढ़ता जा रहा है जिसमें महिलाएं जयपुर मेट्रो में ज्यादा सफर करती हुई नजर आ रही है। इसलिए जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य के संपादित होने के बाद जयपुर मेट्रो जयपुर शहर की एक तरीके से लाइफ लाइन बन सकती है इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करके इस कार्य को निर्धारित अवधि में ही पूरा करना चाहते हैं जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा यह चाहते हैं कि जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण का कार्य वर्तमान भाजपा सरकार के शासनकाल में ही पूरा हो ताकि जयपुर की जनता से किया गया उनका वादा पूरा हो सके इसीलिए दूसरे चरण के कार्य को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री शर्मा ने जयपुर मेट्रो कॉरपोरेशन प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की और दूसरे चरण की डीपीआर के अनुसार कार्य शुरू करने की प्रक्रिया को जल्दी से जल्दी शुरू करने के निर्देश दिए ।



## जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण से यात्री भार और इनकम में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी और ट्रैफिक व्यवस्था भी काफी सुधार होगा

*जयपुर पुलिस के अधिकारी और जयपुर मेट्रो कॉरपोरेशन से जुड़े लोगों का भी कहना है कि जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के संपादित होने के बाद जब इस मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा तो उससे जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था में भी काफी सुधार होगा क्योंकि दूसरे चरण का जो ट्रैक तैयार किया जाएगा ।उस शहर के कई भीड़ भरे इलाके जुड़ेंगे जिसकी वजह से यातायात की व्यवस्था काफी सुधरेगा इसके अलावा जयपुर मेट्रो के यात्री भार में भी जबरदस्ती जफा होगा और इनकम में भी बढ़ोतरी होगी जो कहीं ना कहीं जयपुर मेट्रो के घाटे को ताकत देगी इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस प्रोजेक्ट को जल्दी से जल्दी शुरू करके निर्धारित अवधि पर पूरा करने के प्रयास में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं ।*

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रस्तावित आर ओ बी ओ, एलिवेटेड रोड बनाने तथा डबल यू टर्न और फ्री लेफ्ट टर्न कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री भजनलालशर्मा ने गुरुवार को राजधानी जयपुर की एक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम तथा सरल बनाने के प्रयासों में एक मैराथन बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग नगर निगम और जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और जयपुर ट्रैफिक डीसीपी अन्य अधिकारी मौजूद रहे बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने शहर में प्रस्तावित आर.ओ.बी. और एलिवेटेड रोड को जल्दी से जल्दी कंप्लीट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जयपुर में डबल यू टर्न और फ्री लेफ्ट कार्य योजना बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया तथा जयपुर में व्यवस्थित तरीके से पार्किंग व्यवस्था को संचालित करने की बात की मुख्यमंत्री ने कही । मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से शहर में निर्मित की जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट और योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया। जिसमें शहर में पुलियाओं ओवर ब्रिज इत्यादि का निर्माण चल रहा है इन सब के बारे में जानकारी हासिल की और अधिकारियों को साफ निर्देशित किया कि एक तरफ निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के मापदंड पूरे किए जाएं तो दूसरी तरफ निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में पूरे हो ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूती मिल सके। इसके अलावा प्रदेश के भजनलाल सरकार की ओर से जयपुर में रोड पर आने वाले दिनों में और भी कई बड़े प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू होने वाले हैं इन बड़े प्रोजेक्ट के संपूर्ण होने के बाद ट्रैफिक का बढ़ना भी स्वाभाविक है इसलिए भविष्य की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जेडीए के इंजीनियरिंग शाखा से जुड़े लोगों को इस बारे में ठोस रास्ता निकालने की बात भी कही गई है। जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को और कैसे बेहतर, सुदृढ़ और सरल बनाया जा सकता है इस बारे में पुलिस नगर निगम और परिवहन विभाग के अधिकारियों से भी सुझाव और सलाह मुख्यमंत्री ने ली है नगर निगम प्रशासन से जुड़े लोगों से शहर में आवारा घूम रहे पशुओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सफाई, सीवरेज रोड लाइट व्यवस्था को और मजबूत और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार बरसात के दिनों में जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था शहर के चारदिवारी इलाके के अलावा शहर के बाहरी इलाकेमें भी जगह-जगह जल भराव और सड़कों के खराब होने की वजह से बुरी तरह से हर साल बाधित होती रहती है । इसलिए आगामी मानसून सत्र से पहले ही जयपुर नगर निगम जेडीए और अन्य सभी संस्थाओं को जल भराव की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं इसके लिए शहर के चार दिवारी इलाके में सीवरेज लाइनें की सफाई तथा छोटे नालियों की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ।

# भजनलाल आज पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक: सभी रेंज आईजी, पुलिस कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक रहेंगे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिनके पास में गृह विभाग की भी जिम्मेदारी हैं आज पुलिस मुख्यालय में पुलिस के सभी बड़े आला अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित करेंगे। बैठक में पुलिस महानिदेशक के अलावा पुलिस मुख्यालय में नियुक्त सभी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, प्रदेश की सभी रेंज के आईजी पुलिस अधीक्षक और जयपुर के पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल तथा जोधपुर के पुलिस कमिश्नर वर्चुअल तरीके से इस मीटिंग से जुड़ेंगे। मीटिंग में प्रदेश में कानून व्यवस्था, प्रदेश में नए कानून की समीक्षा, संगठित अपराध ग्रुप की गतिविधियों, वांटेड अपराधी कि घरपकड़, पुलिस की नफरी, संसाधन, नकली नोट का कारोबार, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, नशाबंदी, पुलिस और पब्लिक के बीच मित्रवत संबंध इत्यादि विषयों को लेकर इस बैठक में चर्चा होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बैठक में मौजूद अधिकारियों से बेहतर पुलिसिंग के लिए सुझाव और सलाह भी लेंगे तथा पुलिस के सामने फील्ड के दौरान जो जो समस्याएं आ रही है उनके बारे में भी जानकारी हासिल करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की ओर से राजस्थान पुलिस की ओर से किए जा रहे विशेष कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के सभी रेंज आईजी से भी कानून और शांति व्यवस्था तथा अपराधों पर पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई के संबंध में आवश्यक फीडबैक लेंगे और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी देंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिलेवार पुलिस के कार्यों की जांच पड़ताल और फीडबैक लिया जाएगा और जिन जिलों में पुलिसिंग कमजोर स्थिति है जहां पर पुलिस का कमजोर प्रदर्शन है। उन जिलों में पुलिस को प्रभावी रूप से काम करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे सकते हैं ।



# अश्विनी वैष्णव से कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने की मुलाकात, रेलवे के ढांचे को मजबूत करने के प्रयास


**कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दिलाई झोटवाड़ा को राहत, कनकपुरा डिपो होगा स्विफ्ट, ट्रैफिक से राहत मिलने की उम्मीद, राजस्थान बनेगा रेलवे और लॉजिस्टिक्स का मजबूत हब**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों के बीच राजस्थान में रेलवे नेटवर्क के विस्तार, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण एवं यात्री सुविधाओं के उन्नयन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से बातचीत हुई। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव के साथ हुई विस्तृत एवं सकारात्मक बैठक के बाद झोटवाड़ा क्षेत्र में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। बैठक में आरओबी एवं आरयूबी परियोजनाओं की ग्राउंड प्रोग्रेस पर विशेष चर्चा हुई। बिंदायका स्टेशन आरयूबी हेतु सर्वे कार्य पूरा हो चुका है और आगामी कार्यवाही प्रस्तावित है। वहीं, सिरसी-हाथोज लिंक रोड आरओबी एवं सिनवार क्रॉसिंग आरओबी की डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया जारी है, जिसे जून 2026 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धानक्या-बोबास 53.70 करोड़ तथा बोबास-आसलपुर 50.14 करोड़ आरओबी के लिए जीएडी स्वीकृत हो चुकी है और अग्रिम कार्यवाही सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा की जा रही है। इसके अलावा. आसलपुर-हिरनोदा आरओबी 147.85 करोड़, एवं आसलपुर-जोबनेर आरओबी 81.09 करोड़ के लिए भी जीएडी स्वीकृत है, जबकि संशोधित एस्टिमेट्स का अनुमोदन प्रक्रियाधीन है। राठौड़ ने बताया कि झोटवाड़ा क्षेत्र में यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बिंदायका और धानक्या हॉल्ट स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म रेजिंग एवं एक्सटेंशन का कार्य पूरी तेजी पर है। साथ ही, फुट ओवर ब्रिज निर्माण के लिए भी स्वीकृति दी जा चुकी है। यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार के लिए प्रमुख स्टेशनों पर बेहतर रोशनी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी।

राठौड़ ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र में कनेक्टिविटी मजबूत होगी, दैनिक आवागमन सुगम बनेगा तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, ट्रेन स्टॉपेज बढ़ाने को लेकर भी केंद्रीय रेल मंत्री के साथ सकारात्मक चर्चा हुई है और इस दिशा में कार्य जारी है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि राजस्थान में सेमीकंडक्टर सेक्टर को मजबूती देने, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) लॉजिस्टिक्स एवं रेलवे कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर भी गहराई के साथ विचार-विमर्श किया गया है।राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा की जा रही इन महत्वपूर्ण पहलों से राजस्थान को एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग एवं लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कनकपुरा रेलवे स्टेशन पर संचालित कंटेनर डिपो के कारण आमजन को हो रही यातायात की समस्याओं को देखते हुए इसे शहर के बाहरी क्षेत्र में शिफ्ट करने की प्रक्रिया अब शुरू कर दी गई है। इससे जल्द ही स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, राठौड़ ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रभावी समन्वय से प्रदेश में विकास कार्यों की गति निरंतर तेज हो रही है और यह प्रगति नीति से लेकर जमीन तक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।






CMYK

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पंचम कार्यक्रम सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के पावन अवसर पर अलवर जिला सैनी महासभा संस्थान, राष्ट्रीय सैनी सभा और सैनी समाज विद्यार्थी उन्नत शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सैनी समाज विद्यार्थी उन्नत शिक्षण संस्थान अध्यक्ष विकास बबेरवाल ने बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा अपने जीवन में किये गये जनहितार्थ कार्यो से प्रेरणा लेते हुए पंचम दिवस पर प्रातः 11:00 बजे राजकीय महिला चिकित्सालय एवं गीतानन्द शिशु चिकित्सालय में मरीजो एवं मरीजो के परिजन को फल एवं बिस्किट वितरण किये गये। आज के कार्यक्रम संयोजक सैनी युवा महासभा अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी एवं सैनी शिक्षा समिति उपाध्यक्ष प्रकाशचन्द सैनी रहे। मरीजो को फल वितरण कार्यक्रम में अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष अनिल सैनी (गब्बर भाई), राष्ट्रीय सैनी सभा अध्यक्ष कमल सैनी, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के अध्यक्ष हुकमाराम सैनी, महात्मा मोहनदास सेवा समिति अध्यक्ष भौरेलाल सैनी, किशोरीलाल सैनी, आनन्द सैनी, फूलचन्द सैनी, विजय कोलावत, झम्मनलाल सैनी, किशोर सैनी, योगेश सैनी, महेन्द्र सैनी, अनिल सैनी, प्रमोद सैनी, पवन सैनी, भारत सैनी का सहयोग रहा।

## बीड़ा भिवाड़ी में जिला कलेक्टर की बैठक, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** भिवाड़ी स्थित बीड़ा कार्यालय में जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से बजट घोषणाओं के अंतर्गत भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों की स्थिति पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने 45 मीटर रोड से संबंधित कार्य की प्रगति की समीक्षा कर कार्य को गति देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला कलेक्टर ने बीड़ा की इंजीनियरिंग शाखा से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं जैसे स्टेडियम निर्माण, भिवाड़ी मोड़ सौंदर्यकरण, फूड कोर्ट एवं अन्य विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रोजेक्ट्स को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिल सके। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा कपिल यादव सहित बीड़ा कि सभी शाखों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्हें परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## अलवर में मोक्ष वाहिनी का लोकार्पण कल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर में एक और मोक्ष वाहिनी की शुरुआत 11 अप्रेल को होगी। अलवर में पुरुषार्थी समाज की ओर से पहले भी चार मोक्ष वाहिनी संचालित की जा रही हैं लेकिन इनकी मांग समय के अनुसार बढ़ रही है। यह मोक्ष वाहिनी नारायणी देवी मनोहर लाल छाबड़ा ट्रस्ट की ओर से समाज को समर्पित की जा रही है जिसका प्रतिमाह खर्चा भी ट्रस्ट वहन करेगा। मुख्य ट्रस्टी अमित छाबड़ा की इस पहल से यह सेवा शुरू की जा रही है। इसका लोकार्पण 11 अप्रेल की शाम को रिवाज रिसोर्ट्स में आयोजित बैशाखी मेले में होगा।

## जिला स्तरीय पंजाबी बैसाखी मेला कल

### देश के नामी कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति होगी

### पुरुषार्थी समाज के सर्वोपरी संत महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज लेंगे भाग

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खत्री पंजाबी समाज सेवा समिति की ओर से 11 अप्रेल को रिवाज रिसोर्ट में जिला स्तरीय पंजाबी बैसाखी मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले भर के बुजुर्गों और प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समिति के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि बैसाखी मेले में पुरुषार्थी समाज के सर्वोपरी संत महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज आएंगे जो इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्टैंडअप कॉमेडी कलाकार सौरभ नारंग मुलतानी पंजाबी भाषा में अपनी प्रस्तुति देंगे जिन्हें मुलतानी भाषा में अपनी प्रस्तुति के लिए कई देशों में बुलाया जाता है। इस कार्यक्रम में पंजाबी गायक शेरू विंग भी अपनी प्रस्तुति देंगे जो अखिल भारतीय पंजाबी खत्री स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। इस अवसर पर पंजाब की डांस पार्टी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी।

### बुजुर्गों और प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान

संरक्षक चरणजीत सुनेजा और के.एल. अरोड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम में पुराने अलवर जिले के सभी भागों से पुरुषार्थी समाज के लोग भाग लेंगे जिन्हें यहां आने पर सम्मानित किया जाएगा।

### राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालयए अलवर का षष्ठम दीक्षांत समारोह आयोजित

# विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ व्यक्तित्व एवं कौशल विकास पर करें फोकस - महामहिम राज्यपाल बागडे

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विश्वविद्यालय प्रतिभाशाली व्यक्तित्व तैयार करने के केंद्र बिंदु है, यहां विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ उनके समग्र विकास पर फोकस होना चाहिए, जिससे वे उच्च कौशल के साथ गुणवान व चरित्रावान बनकर देश के विकास में अपनी महती भूमिका निभा सके। राज्यपाल बागडे गुरुवार को प्रताप ऑडिटोरियम में राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर के षष्ठम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समारोह में डिग्री एवं उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह पावन पर्व है। यह वह समय है जब विद्यार्थी अपनी शिक्षा पूरी कर उसके व्यवहार में उपयोग में लेने के योग्य बनते हैं। उन्होंने कहा कि आपने जो शिक्षा यहां प्राप्त की है, उसका उपयोग देश, राज्य और समाज के सर्वांगीण विकास में कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि देश में आजादी के बाद 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' इसी उद्देश्य से तैयार हुई है, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सके। नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थी को रोजगार प्रदाता बनाना है। यह नीति शिक्षा तक सबकी आसान पहुँच, समता, गुणवत्ता, वहनीयता और जवाबदेही के आधारभूत पांच स्तंभों पर निर्मित हुई है।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि राजा भर्तृहरि की तपोभूमि पर स्थित यह विश्वविद्यालय ज्ञान के उत्कृष्ट केंद्र के रूप अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है, जो जीवन व्यवहार का मार्ग प्रशस्त करे। किताबों में अब तक जो पढ़ा, उसे व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। इसके लिए मौजूद बौद्धिक क्षमता को और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नही हैं। इसका असली उद्देश्य चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों की स्थापना और समाज सेवा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने के अवसर ही नहीं देती बल्कि विद्यार्थी को संस्कारित करती है। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे ने शिक्षा पद्धति के बदलाव पर जोर देते हुए कहा था कि स्वतंत्रता के समय ही मैकाले की शिक्षा पद्धति को बदलकर भारतीय शिक्षा पद्धति को लागू किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजो ने हमारे उद्योग धन्धे बंद कर दिए थे। वह नहीं चाहते थे कि हम आत्मनिर्भर बने।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आचार्य युग के अनुरूप अपने आपको निरंतर अपडेट रखे। केवल पाठ्यपुस्तकों की पढ़ाई ही विद्यार्थियों को नहीं कराएं, बल्कि जीवन से जुड़े प्रत्येक ज्ञान से विद्यार्थी का साक्षात्कार कराए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में नियम-विरूद्ध कार्य होने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसलिए मेरा कुलगुरुओं से विशेष आग्रह है कि आप यह सुनिश्चित करें कि विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता और गुडविल पर कहीं कोई दाग नहीं लगे। विश्वविद्यालय गुणवत्ता मानकों पर आगे से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, अनुशासन, परिश्रम और नैतिकता जैसे मूल्यों को अपनाकर ही हम एक सशक्त और विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पदक प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या आज छात्रों से अधिक है। यह केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह संकेत है कि हमारा समाज सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहाँ बेटियाँ शिक्षा, शोध, सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने समारोह में डिग्री एवं उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है तथा एआई हर क्षेत्र में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने महाविद्यालय में एआई से जुडे कोर्स आदि जोडने की आवश्यकता पर बल दिया। इसी प्रकार आरटीई के अंतर्गत कॉलेज स्तर तक की शिक्षा को जोडने पर बल दिया।

राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. रमन कुमार दवे ने बताया कि महाविद्यालय की शुरूआत 23 अगस्त 2012 में हुई। विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में 113 अकादमिक महाविद्यालय, 67 बीएड महाविद्यालय व 19 महाविद्यालयों में चार वर्षीय प्री-बीएड व बीएससी बीएड कोर्स संचालित हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, इतिहास व गणित में स्नातकोतर पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रशासनिक परीक्षा भवन, सीसी रोड, संविधान उद्यान के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा विश्वविद्यालय निधि से द्वितीय चरण में अकादमिक भवन, हॉस्टल, खेल मैदान, अतिथि भवन निर्माण के कार्य प्रगतिरत है। साथ ही सीएसआर फण्ड से विश्वविद्यालय में 50 कम्प्यूटरों की लैब एवं 50 किलोवाट क्षमता का सौलर प्लांट स्थापित किया गया है।

दीक्षांत समारोह में एक कुलाधिपति पदक, 42 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक, 40 पीएचडी उपाधि सहित 44293 डिग्री प्रदान की गई।

इस अवसर पर रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलगुरू प्रो. पुष्पेन्द्र चौहान, सरस डेयरी चैयरमेन नितिन सांगवान, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, कुल सचिव गोपाल कालरा, सहायक कुल सचिव डॉ. आशुतोष शर्मा, विधि सहायक निलेश पाण्डे एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल व अकादमिक परिषद के सदस्य तथा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अभिभावक एवं बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई, जिला कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को परिवाद निस्तारण के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले में त्रिस्तरीय एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जारी दिशा निर्देश के अनुसार अप्रैल माह के द्वितीय गुरुवार को ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई आयोजन किया गया। इसी क्रम में गुरुवार को पंचायत समिति किशनगढ़बास के वीसी सभागार में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर ने स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया। जनसुनवाई के दौरान कुल 43 परिवाद प्राप्त हुए, जन्म प्रमाण पत्र पर तस्दीक से संबंधित परिवाद का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष परिवादों में विभिन्न विभागों से जुड़े मामले सामने आए, जिनमें पंचायती राज विभाग के 8, रसद विभाग के 8, नगर पालिका के 4, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 6, विद्युत विभाग के 5, रद्धष्ठष्टह्र के 2, बीड़ा भिवाड़ी का 1, राजस्व विभाग के 4 तथा पेंशन से संबंधित 2 प्रकरण शामिल रहे। सभी लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर आने वाली प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाए, ताकि परिवादियों को जिला मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी किशनगढ़बास मनीष कुमार जाटव, जनप्रतिनिधिगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, एन.ई.बी. में हुआ साइबर क्राइम पर विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर ( अनंत भंडारी) तथा सचिव ( मोहनलाल सोनी) के मार्गदर्शन में शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, एन.ई.बी., अलवर में साइबर क्राइम पर विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कुल 86 विद्यार्थियों एवं आमजन ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईशा शर्मा (आर जे एस ट्रेनी ) उपस्थित रहीं, जिनके द्वारा साइबर अपराधों के प्रति विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित जनों को जागरूक किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गोपनीय रूप से प्राप्त करने हेतु 'कोर्ट वाली दीदी' के नाम से एक शिकायत पेटी भी स्थापित की गई, जिससे उन्हें अपनी बात रखने का एक सुरक्षित माध्यम प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों की प्रकृति एवं बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि वर्तमान समय में इंटरनेट, मोबाइल एवं कंप्यूटर के माध्यम से किए जाने वाले अपराध जैसे ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी वेबसाइट एवं ऐप, सोशल मीडिया हैकिंग, पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग एवं फिशिंग आदि तेजी से बढ़ रहे हैं। इन अपराधों से बचाव एवं उनके कानूनी परिणामों की जानकारी देते हुए भारतीय दंड संहिता (आई पी सी ) के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों एवं दंडात्मक कार्यवाही के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर सकता है अथवा www.cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकता है तथा निकटतम पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ आई आर) भी दर्ज करवा सकता है।

शिविर में नालसा द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श सेवाएं एवं लोक अदालत के माध्यम से विवादों के समाधान की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिससे आमजन अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकें। साइबर सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सावधानियों पर विशेष बल देते हुए बताया गया कि किसी भी स्थिति में ओ टी पी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें, अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें, केवल विश्वसनीय एवं सुरक्षित वेबसाइट से ही लेन-देन करें तथा सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स को मजबूत बनाए रखें।

अधिकार मित्र (पी एल वी ) रेखा महलावत द्वारा विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें साइबर अपराध, अनैतिक गतिविधियों एवं दुष्प्रवृत्तियों से दूर रहने तथा एक सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी लाभार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई, जिनमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक सहायता) हेल्पलाइन 15100, नेशनल साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं।

## बसेड़ी में एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का स्थापना दिवस गुरुवार को बसेड़ी स्थित विधायक कार्यालय पर मनाया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष लोकेश पाराशर ने झंडारोहण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता रामबली शर्मा ने बताया कि इंदिरा गांधी की ओर से 9 अप्रैल 1971 को एनएसयूआई की स्थापना की गई थी, जिसके बाद से हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में संगठन के योगदान को याद करते हुए छात्र हितों के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर रामबली शर्मा, लोकेश पाराशर, गजेंद्र सांगोरी, अमित परमार नाहरपुरा, प्रशांत मौर्य, योगेश तामोरी, रोहित शर्मा, साहिल गर्ग, गिर्राज सिंह, राहुल शर्मा, यशु शर्मा, भानु प्रताप पुरापाटौर, आशु सारस्वत, प्रवीण शाक्य, अभिषेक परमार, गोतेंद्र नागर, देवेंद्र कुशवाहा, भूपेंद्र गोस्वामी, सत्यवीर सिंह सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निजी स्कूलों पर किताबों में कमीशनखोरी के आरोप, अभिभावक परेशान

**जयपुर टाइम्स/धौलपुर(निस)।** जिले में निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर अभिभावकों में रोष बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि कई विद्यालय एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की अनदेखी कर महंगी किताबें निर्धारित दुकानों से खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं।अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन उन्हें एक ही दुकान से किताबें, कॉपियां, यूनिफॉर्म व अन्य सामग्री लेने के लिए बाध्य करता है, जबकि नियमों के अनुसार ऐसी सामग्री कम से कम तीन दुकानों पर उपलब्ध होना जरूरी है और स्कूल परिसर में बिक्री प्रतिबंधित है। नियमों के अनुसार विद्यालयों को सत्र शुरू होने से पहले पुस्तकों की सूची नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रदर्शित करनी चाहिए, लेकिन अधिकांश स्कूल इसका पालन नहीं कर रहे हैं। एक स्थानीय दुकानदार के अनुसार किताबों के मूल्य में बड़ा हिस्सा कमीशन के रूप में स्कूल संचालकों को जाता है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

अभिभावकों ने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की जा रही है और जल्द ही निजी स्कूलों का निरीक्षण शुरू किया जाएगा। जिले में करीब 251 निजी स्कूल संचालित हैं।

# जिला कलक्टर ने ली अलवर शहर के भू-जल स्तर में वृद्धि के संबंध में बैठक

### नगर निगम व यूआईटी की टीमें प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक रहेगी फील्ड में

### शहर को जल आत्मनिर्भर बनाने में संस्थाओं एवं आम नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका - जिला कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अलवर शहर में जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत नगर विकास न्यास व नगर निगम की बैठक लेकर वर्षा ऋतु से पूर्व 10 हजार घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने का लक्ष्य दिया। इस कार्य हेतु जनजागरूकता एवं नियमों की पालना करने हेतु कल से नगर निगम और नगर विकास न्यास की टीमें फील्ड में कार्य प्रारम्भ करेंगी। जिला कलक्टर ने बैठक में कहा कि अलवर शहर की पेयजल समस्या के निदान की दिशा में शहर के भू-जल स्तर में वृद्धि करना अनिवार्य कार्य है। इसके लिए सार्वजनिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के साथ निजी भवनों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज सिस्टम का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि भवन विनिर्माण अधिनियम के तहत 225 वर्गमीटर से अधिक के समस्त भूखण्डों के भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज सिस्टम बनाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने नगर विकास न्यास की सचिव एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर के सभी सार्वजनिक जल स्त्रोतों का तीन दिवस में सर्वे कर उनके पुनर्जीवन की कार्ययोजना बनाकर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि नगर विकास न्यास व नगर निगम की टीमें अपने परिक्षेत्र में कल प्रातः 8 बजे से ही नियमित तौर पर आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज सिस्टम बनवाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ भवन विनिर्माण अधिनियम की पालना करवाते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज सिस्टम बनवाना सुनिश्चित करेंगी। यह टीमें प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक शहर में घर-घर जाकर यह गतिविधियां करेंगी। उन्होंने निर्देश दिये कि भवन विनिर्माण अधिनियम के तहत 225 वर्गमीटर से अधिक के भूखण्डों में भवन निर्माण स्वीकृति के समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए संबंधित नगरीय निकाय व नगर विकास न्यास में निर्धारित राशि जमा होती है। इस राशि से भवन मालिक को रेन वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज सिस्टम बनवाना अनिवार्य होता है। अतः इसकी पालना संबंधित समस्त भवन मालिकों से आगामी 15 दिवस में कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कनिष्ठ भूजल वैज्ञानिक को निर्देशित किया कि निजी आवासों में सुगम, कम से कम जगह का उपयोग कर सुगमता से कम खर्च पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के डिजाइन में तकनीकी सहयोग प्रदान करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संरक्षण का कार्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुडा हुआ है, अतः व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संगठनों के साथ विकास समितियों को इस अभियान से जोडकर आमजन का अभियान बनाए, ताकि प्रत्येक व्यक्ति अलवर शहर को जल में आत्मनिर्भर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

बैठक में यूआईटी की सचिव धाईगुडे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, नगर निगम के अधिशासी अभियन्ता दिनेश वर्मा, कनिष्ठ भूजल वैज्ञानिक कैलाश चन्द शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ओखा-शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा ओखा-शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09523, ओखा-शकूरबस्ती सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 14.4.26 से 30.6.26 तक (12 ट्रिप) ओखा से प्रत्येक मंगलवार को 10.20 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 4.10 बजे आगमन व 4.20 बजे प्रस्थान कर 10.35 बजे शकूरबस्ती पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09524, शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 15.4.26 से 1.07.26 तक (12 ट्रिप) शकूरबस्ती से प्रत्येक बुधवार को 13.15 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 18.20 बजे आगमन व 18.30 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 13.00 बजे ओखा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में द्वारका, खंभालिया, जामनगर , हापा, राजकोट, वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, विरमगाम, महेसाना, ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, अलवर, रेवाडी, गुडगॉव व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनोमी, 6 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बो सहित कुल 16 डिब्बे होगे।

## जोधपुर-रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान मे रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04867, जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.4.26 को (01 ट्रिप) जोधपुर से 9.30 बजे रवाना होकर 13.00 बजे रामदेवरा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04868, रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.4.26 को (1 ट्रिप) रामदेवरा से 14.00 बजे रवाना होकर 17.30 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जोधपुर, राईकाबाग, मंडौर, मारवाड मथानिया, तिवरी, ओसियां, मारवाड लोहावट एवं फलौदी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 8 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 10 डिब्बे होगे।

## आगरा कैंट-असारवा- आगरा कैंट स्पेशल रेलसेवा का नियमित रेलसेवा के रूप में संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु गाडी संख्या 01919/01920 आगरा कैंट -असारवा- आगरा कैंट स्पेशल रेलसेवा को गाडी संख्या 20178/20177 आगरा कैंट-असारवा- आगरा कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में 5 दिन नियमित रेलसेवा के रूप में संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 20178, आगरा कैंट-असारवा सुपरफास्ट रेलसेवा दिनांक 8.4.26 से आगरा कैंट से सप्ताह में 5 दिन (सोम व मंगल को छोड़कर) 18.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 11.00 बजे असारवा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20177, असारवा-आगरा कैंट सुपरफास्ट रेलसेवा दिनांक 9.4.26 से असारवा से सप्ताह में 05 दिन (मंगल व बुध को छोड़कर) 15.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 7.15 बजे आगरा कैंट पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर, केशोराय पाटन, बून्दी, माण्डलगढ, चंदेरिया, मावली, राणाप्रतापनगर, उदयपुर सिटी, जावर, डूंगरपुर, शामलाजी रोड व हिम्मतनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 24 डिब्बे होगे। गाडी संख्या 12548, साबरमती-आगराकैंट रेलसेवा दिनांक 8.4.26 से आगराकैंट स्टेशन पर 7.15 बजे के स्थान पर 7.05 बजे आगमन करेगी।

## जयपुर में हिट एंड रन मामला : घर के बाहर बैठी महिला को कार ने कुचला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में लगातार हो रहे हिट एंड रन के मामलों ने शहर के लोगों के लिए चिंता का बड़ा कारण बने हुए हैं पिछले कुछ महीनो से लगातार जयपुर में किसी ने किसी इलाके में हिट एंड रन के मामले देखने को मिल रहे हैं हाल ही में जयपुर के महेश नगर थाना इलाके में घर के बाहर बैठी एक महिला को कार ने बुरी तरह से कुचल दिया इतना ही नहीं कर महिला को काफी दूर तक घसीट कर ले गई जिसकी वजह से महिला की मौत हो गई, पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर फरार चालक की गाड़ी के नंबर के आधार पर तलाश कर रही है जानकारी के अनुसार महेश नगर इलाके में एक मकान पर कंस्ट्रक्शन का कार्य चल रहा था मकान के बाहर एक महिला बैठी हुई थी तभी बेकाबू करने महिला के टक्कर मारी और करीब 10 मीटर तक महिला को घसीटते हुए ले गई जिसकी वजह से महिला मौके पर ही बुरी तरह से घायल हो गई और बाद में महिला ने दम तोड़ दिया इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश छा गया लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे के आधार पर गाड़ी की पहचान करके चालक को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है दुर्घटना का यह पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है जिसमें गाड़ी का चालक जानबूझकर महिला को टक्कर मारता हुआ साफ दिख रहा है ।

## रेलवे लगाएगा आधुनिक कॉम्पोजिट स्लीपर,एआई की मदद से ट्रैक की होगी अब और बेहतर निगरानी: अश्वनी वैष्णव

**जयपुर(कासं.)** रेल यात्रा अब और भी सुरक्षित व आरामदायक होगी, इस संदर्भ में रेल मंत्रालय में हुई बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को निर्णय लिए। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय में यह तय किया कि ब्रिज एप्रोच एवं पॉइंट्स, क्रॉसिंग में प्रयोग किए जाने वाले स्लीपर अब कॉम्पोजिट होंगे। लोहे तथा कंक्रीट के मौजूदा भारी स्लीपरों के मुकाबले ये नए स्लीपर न सिर्फ हल्के हैं बल्कि अधिक लोड लेने में सक्षम हैं। इसकी कुशनिंग बेहतर है। इन्हें बिछाना और इनकी मरम्मत आसान है।ये स्लीपर ऐसे हैं कि जिस स्थान पर इन्हें लगाना है, वहां की विशेष परिस्थितियों के अनुसार बनाया व लगाया जा सकता है। इनके लगने से पुलों और पॉइंट्स, क्रॉसिंग से गुजरते समय रेल यात्रा में यात्रियों का अनुभव और बेहतर होगा। रेल भवन, नई दिल्ली में गुरुवार को अधिकारियों के साथ हुई एक समीक्षा बैठक में रेल मंत्री ने यह बड़ा निर्णय लिया। कंक्रीट और लोहे के मुकाबले कॉम्पोजिट पदार्थों से बने ये कॉम्पोजिट स्लीपर प्रति वर्ग सेंटीमीटर 700 किलोग्राम तक का भार उठा सकते हैं। ये कॉम्पोजिट स्लीपर अधिक समय तक भी चलेंगे।

# पचपदरा रिफाइनरी एवं जयपुर मेट्रो फेज-2 से राजस्थान का होगा कायाकल्प : सतीश पूनिया

**उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा भजनलाल के भागीरथ प्रयासों से राजस्थान में हुई जल उपलब्धता सुनिश्चित तो गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने कहा- भजनलाल दिल्ली से लाते हैं राजस्थान के लिए नई परियोजनाएं जबकि गहलोत जाते थे रिचार्ज डलवाने**

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म द्वाराप्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान भजनलाल शर्मा सरकार के दो वर्षों के विकास कार्यों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान को प्रदान की गई दो बड़ी सौगातों पचपदरा रिफाइनरी एवं जयपुर मेट्रो फेज-2 पर विस्तार से जानकारी दी गई। सतीश पूनिया ने कहा कि केंद्र सरकार की कैबिनेट ने राजस्थान के लिए दो बड़ी सौगातें दी हैं। पहली सौगात पचपदरा रिफाइनरी, जिसकी संशोधित लागत 79459 करोड़ रुपये को मंजूरी हृ इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को करेंगे। यह परियोजना पश्चिमी राजस्थान का कायाकल्प करेगी और लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। कांग्रेस की लटकाओ-भटकाओ, केवल घोषणा और शिलान्यास वाली कार्य संस्कृति के कारण परियोजना में भारी विलंब हुआ, जिससे लागत बढ़ गई। लेकिन भाजपा सरकार ने इस परियोजना में 40000 करोड़ रुपये राजस्थान के लिए बचाए। यदि कांग्रेस के कारण देरी न हुई होती तो इस संकट के समय राजस्थान को इसका लाभ मिलता।

जयपुर मेट्रो फेज-2 के संबंध में सतीश पूनिया ने बताया कि यह 41 किलोमीटर लंबी परियोजना है, जो कांग्रेस शासनकाल के फेज-1 जो मात्र 11 किलोमीटर थी की तुलना में चार गुना बड़ी है। यह सीतापुरा से वीकेआई को जोड़ेगी। इसकी कुल लागत 13037 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार का बराबर का सहयोग प्राप्त होगा। कांग्रेस काल में फेज-1 केवल चुनावी लाभ के लिए शुरू किया गया और उसका पूरा भार राज्य पर डाला गया, जबकि तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से कोई सहयोग नहीं मिला।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने सरकार के दो वर्षों के उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि 95000 करोड़ रुपये की रामजल सेतु लिंक परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। कांग्रेस शासन में केंद्र और राज्य दोनों जगह कांग्रेस सरकार होने के बावजूद इस पर कोई काम नहीं हुआ । मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार के दौरान कोई प्रगति नहीं हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में इसकी प्रगति की समीक्षा की। नवनेरा बैराज एवं ईश्वरदा बांध का कार्य पूर्ण हो चुका । रामगढ़ बैराज, फीडर निर्माण एवं अन्य कार्यों हेतु 9416.70 करोड़ रुपये के कार्य शुरू किए गए । इससे पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों को लाभ मिलेगा, 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी तथा 3 करोड़ आबादी को फायदा पहुंचेगा।

यमुना जल समझौते के तहत 35000 करोड़ रुपये का एमओयू किया गया और डीपीआर का कार्य तेजी से चल रहा है। चार दशक तक कांग्रेस ने केवल चुनावी लाभ लिया, लेकिन इस क्षेत्र में पानी की एक बूंद भी लाने का कोई प्रयास नहीं हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भागीरथ बनकर इस संकल्प को पूरा किया। जल जीवन मिशन के तहत मात्र दो वर्षों में 15 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया, इस पर 11440 करोड़ रुपये खर्च किए गए। ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 1.93 लाख करोड़ से 42438 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन हेतु एमओयू किए गए। पीएम कुसुम योजना में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य है तथा सौर ऊर्जा उत्पादन में भी राजस्थान पहले स्थान पर है। सड़क विकास, शहरी एवं ग्रामीण विकास तथा आवास निर्माण के क्षेत्र में पिछले 2 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य हुए । पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2.14 लाख आवास पूर्ण किए गए । स्वच्छ भारत मिशन में 2.91 लाख व्यक्तिगत शौचालय तथा 5027 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 76 लाख किसानों को 12410 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, इसमें प्रतिवर्ष 9000 रुपये सीधे किसानों को बैंक खातों में दिए गए। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि दो वर्षों में राजस्थान विकास के हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना । डबल इंजन की सरकार तेज गति से कार्य कर रही है। जब भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली जाते हैं, तो राजस्थान के विकास के लिए जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी-बड़ी परियोजनाएं राजस्थान को मिल रही है। कांग्रेस केवल वोटों की राजनीति, आरोप-प्रत्यारोप और टिप्पणियों तक सीमित है। भाजपा सरकार विकास और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से जनता की सेवा कर रही है।

## आखिरकार एसीबी ने फरार चल रहे रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल को ढूंढ निकाला, अग्रवाल से एसीबी कर रही पूछताछ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जल जीवन मिशन घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो की रडार पर आए रिटायर्ड भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुबोध अग्रवाल को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने आखिरकार ढूंढ निकाला है खबर लिखे जाने तक एसीबी के अधिकारी सुबोध अग्रवाल से पूछताछ कर रहे थे सुबोध अग्रवाल को दिल्ली से जयपुर लाया गया हैहालांकि खबर लिखे जाने तक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से अधिकृत रूप से इस बारे में किसी भी तरह की कोई जानकारी मीडिया के साथ शेयर नहीं की गई थी लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अग्रवाल ने खुद एडवोकेट के साथ भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के समक्ष पेश होने संबंधी बात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को कही है अग्रवाल ने खुद आगे बढ़कर भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय से कहा है कि वे जांच में सहयोग करना चाहते हैं उल्लेखनीय है कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में हुए जल जीवन मिशन घोटाले की जांच में जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी गिरफ्तार हो चुके हैं इस मामले में निजी कंपनियों के ठेकेदार और कंपनी के संचालक भी गिरफ्तार हुए हैं यहां तक की गहलोत सरकार के तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी भी गिरफ्तार हो चुके हैं इस मामले में बड़े स्तर पर हुई गिरफ्तारी के बाद जब यह चर्चित घोटाला हुआ था उस समय सुबोध अग्रवाल के पास जलदाय विभाग की बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी इसलिए इस मामले में अग्रवाल भी एंटी करप्शन ब्यूरो की रडार पर हैं और पिछले कई दिनों से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अग्रवाल की तलाश में जुटा हुआ है इस संदर्भ में देश भर में अग्रवाल के संभावित ठिकानों पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सर्च अभियान को अंजाम भी दिया लेकिन अग्रवाल एंटी करप्शन ब्यूरो को उपलब्ध नहीं हो पाए अग्रवाल के बेटे भी हाई प्रोफाइल सर्विस में मुंबई में पोस्टेड हैं वहां भी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने छापा मार करवाई को अंजाम दिया था लेकिन एंटी करप्शन ब्यूरो को सफलता नहीं मिली फिल्म स्टार सलमान खान के फार्म हाउस पर भी एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया था ऐसी जानकारी मिली थी कि सलमान खान और सुबोध अग्रवाल दोनों एक ही स्कूल में अध्ययन कर चुके हैं मिले संकेतों के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सलमान खान के मुंबई स्थित फार्म हाउस पर सर्च अभियान को अंजाम दिया लेकिन अग्रवाल नहीं मिले इसी तरह से अलग-अलग जगह पर एंटी करप्शन ब्यूरो की कई टीमें अग्रवाल की तलाश कर रही थी अग्रवाल के विदेश भागने की भी बात कही जा रही थी इसलिए लुक आउट नोटिस में जारी किया गया तमाम तरह की कोशिश के बावजूद अग्रवाल एंटी करप्शन ब्यूरो के लिए बड़ी चुनौती बने हुए थे अब यह कहा जा रहा है कि अग्रवाल ने खुद एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचित किया है कि वह खुद इस जांच में सहयोग करना चाहते हैं और अपने वकील के साथ पेश होना चाहते हैं ।

## चांदी 9000 रुपए और सोना 2700 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 242500 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में गुरुवार को चांदी और सोने की कीमत में गिरावट देखी गई गुरुवार को चांदी की कीमत में 9000 रुपए और सोने की कीमत में 2700 रुपए की गिरावट देखी गई गुरुवार को चांदी 242500 रुपए प्रति किलो में बेची गई तो शुद्ध सोना 153300 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 143400 प्रति 10 ग्राम के हिसाब से निर्धारित था जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि खाड़ी युद्ध के विराम लग जाने से देश और दुनिया की आर्थिक व्यवस्था पर अच्छा असर पड़ेगा क्योंकि इस युद्ध की वजह से भारत और दुनिया के कई देशों की आर्थिक व्यवस्था बिगड़ने लगी थी जिसका सीधा असर कारोबार पर भी हुआ जिसमें सराफा बाजार पर भी युद्ध का विपरीत असर देखने को मिला इसलिए अब युद्ध विराम के बाद अन्य कारोबार को भी मजबूती मिलेगी और आर्थिक व्यवस्था को भी गति मिलेगी तो निश्चित रूप से जयपुर सराफा बाजार के हालात में भी सुधार होंगे और शेयर मार्केट में भी इस युद्ध विराम का अच्छा असर देखने को मिलेगा इसलिए अब आने वाले दिनों में सोने और चांदी के कारोबार पर भी अच्छा असर देखने को मिलेगा वैसे जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में पिछले कई महीनो से जिस तरह से जोरदार उतार चढ़ाव देखने को मिले कभी कई दिनों तक सोने और चांदी की कीमत में लगातार रोजाना बढ़ोतरी देखी गई तो कभी सोने और चांदी की कीमत में अचानक रोजाना गिरावट देखी गई इसलिए कभी तेजी और कभी गिरावट होने से लोगों में सोने और चांदी की कीमत को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही और जो लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करनाचाहते थे उनमें से अधिकांश लोगों ने सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की वजह रियल एस्टेट और जमीन जायदाद के कारोबार में इन्वेस्ट करना ज्यादा मुनासिब समझा इसीलिए सोने और चांदी के कारोबार में तेजी से गिरावट देखने को मिली अब ऐसा माना जा रहा है कि खाड़ी देश के युद्ध विराम की वजह से कहीं ना कहीं कई तरह की समस्याएं दूर होगी और कहीं ना कहीं सोने और चांदी की कीमत में जो जबरदस्त उतार-चढ़ाव बना हुआ है उसमें भी स्थायित्व आएगा ।

## संपर्क पोर्टल पर शिकायतों का समाधान करने में समाज कल्याण विभाग दूसरे नंबर पर: अविनाश गहलोत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत ने जोधपुर में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि संपर्क पोर्टल के माध्यम से शिकायतों का समाधान करने में समाज कल्याण विभाग दूसरे नंबर पर है उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से प्रदेश पर से जो भी शिकायत आती है हर शिकायत का 13 दिन के अंदर समाधान किया जाता है और अब 13 दिन की बजाय 10 दिन में शिकायत का समाधान किया जाएगा उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समाज कल्याण विभाग की ओर से पिछले सवा दो साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन और निर्देशन में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं और हमने इस विभाग के माध्यम से कई बड़े निर्णय जन कल्याण के लिए लिए हैं उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार की तुलना में चाहे पेंशन की राशि की बात हो या फिर समाज कल्याण विभाग के हॉस्टल में मैस अलाउंस की राशि हो या फिर दिव्यांगों को संसाधन उपलब्ध करवाने की बात हो या फिर स्कूटी उपलब्ध करवाने की बात हो हमने पिछली सरकार की तुलना में हमारी सरकार ने हर मामले में धनराशि बढ़कर लोगों को राहत देने का काम किया है और जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रहे हैं एक अन्य सवाल के जवाब में अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी नियमित रूप से समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते रहते हैं और वह खुद भी मंत्री होने के नाते नियमित रूप से विभाग के कार्यों की समीक्षा करते रहते हैं और फीडबैक लेते रहते हैं तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहते हैं अविनाश गहलोत ने कहा कि लापरवाही और कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ गाड़ी कार्रवाई करने में भी हम पीछे नहीं रहते उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल के अल्प समय के कार्यकाल में ही पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार की तुलना में कई गुना हर क्षेत्र में कार्य करके दिखाया है और राजस्थान को एक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में हम तेजी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन में काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश के जाति अनुसूचित जनजाति सफाई कर्मी दिव्यांग इत्यादि के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग निरंतर सतत प्रयास कर रहा है कई तरह की सुविधा और योजनाएं लागू करके जरूरतमंद लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने का प्रयास किया जा रहा है गुरुवार को अविनाश गहलोत ने जोधपुर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करने से पहले समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित की विभाग के कामकाज और गतिविधियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

## वॉक, वार्ता और विकास: राज्यवर्धन राठौड़ ने नागरिकों के साथ पार्क में किया संवाद, झोटवाड़ा के विकास के लिए लोगों से लिए सुझाव

### 42 वॉटर कूलर और सुरक्षा के लिए कॉलोनी गेट्स हेतु 50 लाख रुपए की घोषणा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** वैशाली नगर के नर्सरी पार्क में गुरूवार सुबह अन्य दिनों के मुकाबले आज कुछ अलग हटकर थी। पार्क के सुरम्य वातावरण और गुलाबी ठंड की आबोहवा में स्थानीय नागरिकों के साथ बतकहियों के ठहाके गूंज रहे थे और हर चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान थी। वजह बड़ी थी क्योंकि आज उनके बीच उनके साथ उनके लोकप्रिय नेता राज्यवर्धन राठौड़ थे। राज्यवर्धन राठौड़ ने क्षेत्र के लोगों के साथ पार्क के ट्रैक पर कदमताल और जॉगिंग-एक्सरसाइज करते हुए नागरिकों की जरूरतों और समस्याओं पर बात की। वे उनके बीच उन्हीं की तरह घुलते-मिलते नजर आए। पार्क की इस अनूठी सुबह लोगों का बड़ा जमावड़ा राज्यवर्धन राठौड़ के इर्द-गिर्द रहा। पार्क में नागरिकों के साथ चला चाय की चुस्कियों का दौर जरा लंबा हो गया, जिसे लोगों ने खूब एंजॉय किया। राज्यवर्धन राठौड़ ने बातों-बातों में लोगों की समस्याओं को सुना और हाथों-हाथ एमएलए लैड से कॉलोनियों की सुरक्षा के मुद्दे पर गेट लगवाने की घोषणा भी कर दी। वैशाली नगर के सी ब्लॉक, नेमी नगर विस्तार, विनोबा भावे नगर और खजांची की कोठी कॉलोनियों में गेट लगवाए जाएंगे।राज्यवर्धन राठौड़ ने इस मुलाकात में आगामी गर्मियों को देखते हुए क्षेत्र में 42 वॉटर कूलर्स लगवाने की बड़ी घोषणा भी की।राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा लोगों से जुड़ाव के उद्देश्य से पार्क संवाद के इस अनूठे प्रयोग की पहल को लोगों की खूब सराहना हासिल हुई है।

# वसुंधरा राजे ने दुष्यंत सिंह की जन संवाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, कामखेड़ा बालाजी मंदिर में की पूजा अर्चना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गुरुवार को प्रदेश के झालावाड़ जिले में मनोहर थाना इलाके में स्थित कामखेड़ा बालाजी मंदिर में अपने पुत्र और झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह के साथ पूजा अर्चना की और फिर वसुंधरा राजे ने दुष्यंत सिंह की जन संवाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस मौके पर पार्टी की विधायक गोविंद रानीपुरिया, भाजपा झालावाड़ जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के नेता संजय जैन सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न जाति और बिरादरी के लोगों ने भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखाई वसुंधरा राजे ने गुरुवार को झालावाड़ जिले में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गौरतलब है कि झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह पिछले कुछ महीनो से निर्वाचन क्षेत्र में जन संवाद यात्रा का विभिन्न चरणों में आयोजन कर रहे हैं गुरुवार को उनकी यात्रा का चौथा चरण शुरू हुआ है जिसे वसुंधरा राजे ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया है इस जन संवाद यात्रा के दौरान दुष्यंत सिंह विभिन्न गांव,कस्बे, शहर के लोगों से मुलाकात करते हैं उनकी समस्याओं को सुनते हैं और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का सरकारी स्तर पर प्रयास भी करते हैं इसके अलावा इलाके की विभिन्न तरह की विकास कार्यों का फीडबैक भी लेते हैं राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजना और विकास कार्यों का फीडबैक भी लेते हैं इसके अलावा इलाके में जो जो समस्याएं हैं उनके निवारण के लिए लोगों को भरोसा भी दिलाते हैं और सरकारी स्तर पर प्रयास भी करते हैं उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के सभी सांसदों को कहा था कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में बाकायदा जनसंवाद यात्रा का आयोजन करें और लोगों से निरंतर मुलाकात करके उनके साथ जुड़े रहे ताकि लोगों की समस्याओं का भी समाधान होगा और क्षेत्र की समस्याओं से भी जनप्रतिनिधि ठीक तरह से वाकिफ रहेंगे जिसकी वजह से इलाके की समस्याओं को सुलझाने में उन्हें काफी मदद मिलेगी इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह पिछले कुछ महीनो से अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार जन संवाद यात्रा का आयोजन कर रहे हैं इस जन संवाद यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे हमेशा उनके साथ खड़ी नजर आई गुरुवार को भी वसुंधरा राजे ने खुद हरी झंडी दिखाकर दुष्यंत सिंह की जन संवाद यात्रा को रवाना किया उल्लेखनीय है कि दुष्यंत सिंह लगातार चौथी बार पिछले लोकसभा चुनाव में झालावाड़ लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे लगातार चार बार सांसद पद पर निर्वाचित होना यह दिखाता है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में वसुंधरा राजे की तरह काफी लोकप्रिय हैं ।

## सम्पादकीय

### अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष के पीछे मानवता और तेल संकट



ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को अब एक महीना से ज्यादा हो चुका है, लेकिन अब भी तनाव और टकराव की आक्रामकता में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बीच-बीच में युद्ध विराम की बात उठती है और अगले ही दिन पहले से ज्यादा तीव्रता वाले हमलों के बीच गुम होकर रह जाती है। खबरों के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप पर फिर हमला किया। इसके अलावा, ईरान के अल्बोर्ज प्रांत में हुए ताजा हवाई हमले में कम से कम अठारह लोगों की मौत हो गई। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी ने वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा दी है कि अगर ईरान मंगलवार रात आठ बजे तक होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह बहाल नहीं करता है, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों पर बमबारी की जाएगी। सवाल है कि क्या अमेरिका को इस बात की फिक्र है कि नागरिक ढांचों पर होने वाले हमलों को युद्ध अपराधों के दायरे में देखा जा सकता है। ईरान में हमले की वजह से एक स्कूल की कई बच्चियों की मौत को लेकर पहले ही अमेरिका-इजरायल के रवैये पर तीखे सवाल उठ चुके हैं। ऐसा लगता है कि इस युद्ध में हमले के ठिकाने चुनने के मसले पर मानवीयता के प्रश्न पीछे छूट गए हैं। जहां इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर मिसाइल की मार करने से लेकर बमबारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है, वहीं ईरान ने भी इजराइल सहित मध्य-पूर्व के देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला करने में कोई कमी नहीं की है। इससे इतर युद्ध की वजह से मध्य-पूर्व के समूचे प्रभावित इलाके में जिस पैमाने पर कच्चे तेल का उत्पादन और उसका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, उसका असर समूची दुनिया पर किसी न किसी रूप में पड़ रहा है। बहुत सारे देशों में तेल, गैस और खाद की आपूर्ति बाधित हुई है। विडंबना यह है कि यह सब देखने-समझने के बावजूद युद्ध को खत्म करने या कम से कम कुछ दिनों के विराम की बात भी ठोस तरीके से सिरा नहीं पकड़ रही है। एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति आए दिन ईरान में सब कुछ नष्ट कर देने की धमकी देते हैं, तो दूसरी ओर ईरान इसका जवाब देने की बात करता है। तनाव के स्वरूप का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ईरान ने पैंतालीस दिन के युद्धविराम के प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि वह युद्ध की स्थायी और पूर्ण समाप्ति तथा फिर से ईरान पर आक्रमण नहीं किए जाने की गारंटी चाहता है। एक तरह से ईरान की इस मांग को समझा जा सकता है कि कूटनीतिक प्रयासों की सार्थकता तभी है, जब किसी भी वार्ता के माध्यम से स्थायी समाधान तक पहुंचा जा सके। अगर हल निकालने के लिए चल रही बातचीत में कोई तात्कालिक आश्वासन दिया जाता है और उसमें विश्वसनीयता की कमी होगी, तो ऐसे प्रयास युद्ध के मूल कारणों को दूर करने में नाकाम रहेंगे। बल्कि इसके विपरीत नतीजे भी निकल सकते हैं। जाहिर है, कुछ समय के युद्धविराम की गुंजाइश निकालने के बजाय संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के उपायों पर पहुंचने के उद्देश्य से बिना देर किए शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। मगर अभी युद्ध को लेकर जिस तरह की जिद देखी जा रही है, उससे किस तरह का समाधान निकाला जा सकता है। व्यापक पैमाने पर विनाश के बाद जब युद्ध थमेगा, तब किसी भी तरह के समाधान की कीमत क्या होगी? वैश्विक प्रगति की दौड़ में, जहां मानव सभ्यता सतत विकास को आत्मसात करने का प्रयास कर रही है



## कहानी

### कामचोर

'बेगम अब हमारी पेंशन होने वाली है, ज़रा घर का ख़र्च कम करो।' हमारे अब्बा मियाँ ने पेंशन से पहले ये मुनासिब समझा कि हमारी अम्माँ-जान को (जो हमारे अब्बा मियाँ से भी ज़्यादा खुले हाथ की थीं) ऊँच-नीच समझा दें। 'ऐ है! मैं ज़्यादा ख़र्च करती हूँ तो अपने हाथ में घर का इंतिज़ाम ले लो।' अम्मा जान बिगड़ीं। 'यानी कि मैं कमाऊँ भी और घर की देख-भाल भी करूँ? ख़ूब, बहुत ख़ूब! फिर बीवी का फ़ायदा क्या है? आख़िर तुम किस मर्ज़ की दवा हो?' 'भई हम तो फूहड़ हैं। तुम कोई सुघड़ ब्याह कर ले आते।' अम्माँ ने ताना दिया... ज़ाहिर है, अब्बा मियाँ इस वक़्त तो कोई सुघड़ बीवी ब्याह कर ला नहीं सकते थे, क्योंकि वो उस वक़्त कल्ब से टेनिस खेल कर हारे थके आए थे। वो बहस नहीं करना चाहते थे, इसलिए वो भी क़ाइल हो गए। इस शोर और हंगामे को सुनकर हम लोग भी आस-पास जमा हो गए थे। एक दम भीड़ से अम्माँ का दम बौखला उठा और वो चारों तरफ़ थप्पड़ चाटे और चपत बांटने लगीं... 'ग़ारत हो कम-बख़्तो! कलेजे पर चढ़े चले आते हैं।' अब्बा मियाँ का ग़ुस्सा वो हम लोगों पर उतारने लगीं। हम लोग उदास हो कर उनसे ज़रा दूर हट आए और दिल में दुआएँ माँगने लगे, काश अब्बा मियाँ हमारे लिए एक फ़र्स्ट क्लास सी अम्माँ ले आएँ ताकि आए दिन के झगड़े से कुछ तो मोहलत मिले और सुख का साँस आए। ख़ैर, अब्बा मियाँ नई अम्माँ-जान तो न लाए। लेकिन हमारी पुरानी अम्माँ को उन्होंने इस बात पर ज़रूर राज़ी कर लिया कि वो ख़र्च कम करने की स्कीम पर ग़ौर करने को तैयार हों। इस सिलसिले में अब्बा ने तजवीज़ पेश की। 'सब नौकर निकाल दो, ये दो बावर्ची क्यों हैं?' 'है है... इतने आदमियों का खाना एक बावर्ची से नहीं पकेगा। आप ही ने तो कहा था। अकेले बावर्ची से इतने आदमियों का खाना पकवाना जुर्म है... ज़बरदस्ती दूसरा बावर्ची रखवाया था।' 'ख़ैर, छोड़ो बावर्ची को... ये बताओ, ये औरतें कौन-कौन सी भर ली हैं?' अब्बा मियाँ ने पूछा...

'ऐ है... नई तो कोई नहीं, वही औरतें हैं, जो शुरू से थीं।' अम्माँ-जान ने वज़ाहत की...

'आख़िर कौन हैं? और ये बच्चे किस-किस के भर रखे हैं? निकालो इनको, कहो अपने घर जाकर खेलें।'

'लो और सुनो, अरे ये सब अपने बच्चे हैं।'

'ये सब?' अब्बा मियाँ काँप उठे...

'ऐ वाह क्या नादान बनते हो!'

'यानी तुम्हारा मतलब है बेगम कि ये... ये सब के सब हमारे-तुम्हारे यानी कि बिलकुल हमारे बच्चे हैं?' अब्बा मियाँ हैरान होते हुए बोले...

'ऐ है तौबा है! आप तो बात को फ़ौरन पकड़ लेते हैं... और ये तो अकबरी के बच्चे हैं।'

'तुम्हारी भाँजी!'

'हूँ... और तुम्हारी भतीजी!' अम्माँ ने बताया...

बड़ी देर की हुज्जत के बाद ये तय हुआ कि सच-मुच नौकरों को निकाल दिया जाये। आख़िर ये मोटे-मोटे बच्चे किस काम के हैं... हिल कर पानी नहीं पीते। इन्हें अपना काम ख़ुद करने की आदत होनी चाहिए। काम-चोर कहीं के।

'तुम लोग कोई काम नहीं करते, इतने सारे हो और सारा दिन ऊधम मचाने के सिवा कुछ नहीं करते।'

और सच-मुच हमें ख़्याल आया कि हम आख़िर-ए-कार कोई काम क्यों नहीं करते? हिल कर पानी पीने में अपना क्या ख़र्च होता है। इसलिए हमने फ़ौरन हिल-हिल कर पानी पीना शुरू किया। हिलने में धक्के भी लग जाते हैं और हम किसी के दबैल तो थे नहीं कि कोई धक्का दे तो सह जाएँ।

# पश्चिम एशिया-बिना समाधान वाली शांति

युद्ध में अपेक्षाओं की पूर्ति न होने के कारण अमेरिका को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार के लिए विवश होना पड़ा। ईरान की परमाणु क्षमता नष्ट नहीं हुई। उसकी राजनीतिक व्यवस्था बरकरार रही और उसकी सैन्य शक्ति को निर्णायक रूप से कमजोर नहीं किया जा सका। जैसे-जैसे संघर्ष लंबा खिंचता गया, वैसे-वैसे अमेरिका के लिए उसकी लागत बढ़ती गई, वह भी सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक भी। अमेरिका में होने वाले मध्यावधि चुनावों ने स्थिति को और संवेदनशील बना दिया। ट्रंप प्रशासन के लिए यह जरूरी हो गया था कि वह एक ऐसे युद्ध से बाहर निकले जो घरेलू स्तर पर लोकप्रिय नहीं था। ट्रंप के समर्थक वर्ग में भी इस युद्ध को लेकर असहजता दिखाई देने लगी थी। इसके अलावा, ईरान के नागरिक ढांचे पर हमले की धमकियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध अपराधों को लेकर बहस को जन्म दिया, जिससे अमेरिका की नैतिक स्थिति भी कमजोर हुई। मौजूदा माहौल में युद्धविराम किसी कूटनीतिक सफलता से ज्यादा एक रणनीतिक मजबूरी जैसा प्रतीत होता है। इस प्रक्रिया में पाकिस्तान और चीन की भूमिका का सामने आना भी वैश्विक राजनीति के शक्ति संतुलन में बदलाव को दर्शाता है। पाकिस्तान का मध्यस्थ के रूप में उभरना ध्यान देने योग्य है। वहीं, चीन की भूमिका यह दिखाती है कि वह अब सिर्फ आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि कूटनीतिक रूप से भी प्रभावशाली है। होर्मुज जलमार्ग इस





अमेरिका और ईरान के बीच घोषित हुआ नाजुक युद्धविराम किसी संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि पश्चिम एशिया की राजनीति के एक और जटिल एवं अनिश्चित चरण की शुरुआत है। जो घटनाक्रम सामने आया, वह किसी स्पष्ट सैन्य विजय का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक दबावों, रणनीतिक भूलों और बदलते वैश्विक समीकरणों का मिश्रण है।

हालांकि युद्धविराम से ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ तात्कालिक राहत मिली हो, किंतु इसके गहरे निहितार्थ एक ऐसी स्थिति का संकेत करते हैं जहां भारी सैन्य दबाव के बावजूद ईरान अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में उभरता दिखा। इस संघर्ष की जड़ें ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर लंबे समय से चली आ रही चिंताओं में निहित हैं। इजरायल इसे अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता रहा और उसने उसकी परमाणु क्षमता को कमजोर करने के उद्देश्य से सैन्य कार्रवाई को उचित ठहराया। अमेरिका इस रणनीति के साथ हमेशा खड़ा दिखाई दिया, खासतौर से ट्रंप के दौर में और मजबूती से। इसके पीछे एक व्यापक लक्ष्य ईरान की इस्लामिक व्यवस्था को कमजोर करना या उसे बदलना भी था। यह मान लिया गया था कि बाहरी सैन्य दबाव ईरान के भीतर असंतोष भड़का देगा और जनता सरकार के खिलाफ उठ खड़ी होगी। इस धारणा के उलट हमलों ने ईरानी समाज में एक तरह की एकजुटता पैदा कर दी और लोग सरकार के पीछे लामबंद हो गए। युद्ध में अपेक्षाओं की पूर्ति न होने के कारण अमेरिका को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार के लिए विवश होना पड़ा। ईरान की परमाणु क्षमता नष्ट नहीं हुई। उसकी राजनीतिक व्यवस्था बरकरार रही और उसकी सैन्य शक्ति को निर्णायक रूप से कमजोर नहीं किया जा सका। जैसे-जैसे संघर्ष लंबा खिंचता गया, वैसे-वैसे अमेरिका के लिए उसकी लागत बढ़ती गई, वह भी सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक भी। अमेरिका में होने वाले मध्यावधि चुनावों ने स्थिति को और संवेदनशील बना दिया।

ट्रंप प्रशासन के लिए यह जरूरी हो गया था कि वह एक ऐसे युद्ध से बाहर निकले जो घरेलू स्तर पर लोकप्रिय नहीं था। ट्रंप के समर्थक वर्ग में भी इस युद्ध को लेकर असहजता दिखाई देने लगी थी। इसके अलावा, ईरान के नागरिक ढांचे पर हमले की धमकियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध अपराधों को लेकर बहस को जन्म दिया, जिससे अमेरिका की नैतिक स्थिति भी कमजोर हुई। मौजूदा माहौल में युद्धविराम किसी कूटनीतिक सफलता से ज्यादा एक रणनीतिक मजबूरी जैसा प्रतीत होता है। इस प्रक्रिया में पाकिस्तान और चीन की भूमिका का सामने आना भी वैश्विक राजनीति के शक्ति संतुलन में बदलाव को दर्शाता है। पाकिस्तान का मध्यस्थ के रूप में उभरना ध्यान देने योग्य है। वहीं, चीन की भूमिका यह दिखाती है कि वह अब सिर्फ आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि कूटनीतिक रूप से भी प्रभावशाली है। होर्मुज जलमार्ग इस घटनाक्रम का एक अहम पहलू बनकर उभरा। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत ऊर्जा संसाधनों की ढुलाई इसी मार्ग के जरिये होती है। युद्धविराम के बाद भी यदि ईरान इस मार्ग पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखता है, तो यह वैश्विक शक्ति संतुलन में एक बड़ा बदलाव होगा। भले ही यह नियंत्रण औपचारिक रूप से घोषित न हो, पर यदि जहाजों की आवाजाही ईरान की निगरानी या शर्तों के तहत होती है, तो इससे उसकी रणनीतिक स्थिति मजबूत होगी। संभव है ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाए। इसका सीधा असर वैश्विक तेल बाजार पर पड़ेगा। तेल की कीमतों में वृद्धि, परिवहन लागत में इजाफा और बीमा प्रीमियम में बढ़ोतरी हो सकती हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगी। भारत जैसे देश के लिए इसके गहरे निहितार्थ होंगे, जो अपनी आवश्यकता का अधिकांश तेल एवं गैस आयात करता है। भारत को अपनी कूटनीतिक रणनीति बेहद संतुलित रखनी होगी, क्योंकि उसके संबंध ईरान, इजरायल और अमेरिका, तीनों के साथ महत्वपूर्ण हैं। इस संघर्ष विराम के साथ ही भारत में इसे लेकर राजनीतिक बहस भी तेज हो गई है। कुछ विपक्षी नेताओं का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम में पाकिस्तान ने कूटनीतिक बढ़त हासिल कर ली। हालांकि यह तर्क आंशिक रूप से राजनीतिक है, पर आज के दौर में, जहां मध्यम शक्तियां भी क्षेत्रीय राजनीति को प्रभावित कर रही हैं, वहां भारत के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह अपनी कूटनीतिक उपस्थिति को और मजबूत करे। यह युद्धविराम हमें यह सिखाता है कि केवल सैन्य शक्ति के बल पर जटिल भू-राजनीतिक समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। जहां अमेरिका और इजरायल जैसे शक्तिशाली देश पूरी ताकत लगाने के बावजूद अपने सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर सके, वहीं ईरान ने अपनी स्थिति को न केवल बनाए रखा, बल्कि उसे मजबूत भी किया। आने वाले दिन तय करेंगे कि यह युद्धविराम स्थायी शांति की ओर बढ़ता है या फिर एक और बड़े संघर्ष की भूमिका तैयार करता है।

# सब मिलकर करें नारी शक्ति को सशक्त

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारत की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उसने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलाजी, उद्यम, सशस्त्र बलों और खेलों के साथ हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के

21वीं सदी की विकास यात्रा में भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह अवसर समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के नए रूप में सामने आएगा। यह ऐसा समय है, जब संसद को एक ऐसा कदम बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह तब आ रहा है, जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है।



आने वाले दिनों में असम में रोंगाली बिहू, ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति, पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी और केरलम में विषु पूरे उत्साह से मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत में बैसाखी का। मैं कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन पर्व हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की है। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारत की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उसने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलाजी, उद्यम, सशस्त्र बलों और खेलों के साथ हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में उनकी भागीदारी को मजबूती दी है, पर इन सारे प्रयासों के बावजूद राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिला प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी आफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, संतुलित और उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए।

# आधा-अधूरा युद्धविराम

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पश्चिम एशिया के साथ-साथ विश्व के लिए राहत की बात तो है, पर बहुत आश्वस्तकारी नहीं। इसलिए नहीं, क्योंकि युद्धविराम केवल दो सप्ताह के लिए हुआ है और यह विरोधाभासी दावों के साथ इतना अविश्वास भरा दिख रहा है कि किसी भी क्षण टूट सकता है। इस नाजुक युद्धविराम पर सहमति बन जाने की बात सार्वजनिक होने के तत्काल बाद परस्पर हमले बंद नहीं हुए। इस युद्धविराम का भविष्य बहुत कुछ दोनों पक्षों के बीच होने वाली बातचीत के किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने और एक-दूसरे के प्रति भरोसा पैदा होने पर ही निर्भर करेगा। इसके आसार कम ही हैं, क्योंकि एक तो इस युद्धविराम को लेकर अमेरिका और ईरान के दावे एक-दूसरे से मेल नहीं खाते और दूसरे, जहां ईरानी नेता कह रहे हैं कि संघर्ष विराम की शर्तों में



लेबनान पर इजरायल के हमले रुकना भी है, वहीं इजरायली नेता इससे साफ इनकार कर रहे हैं। स्पष्ट है कि युद्धविराम की घोषणा के बावजूद ऊर्जा संकट से त्रस्त अंतरराष्ट्रीय समुदाय आशंकित होकर ही चैन की सांस ले सकता है। हो सकता है ईरानी सत्ता पर काबिज कट्टरपंथी धड़ा ट्रंप की ईरानी सभ्यता नष्ट कर देने वाली खतरनाक धमकियों के बाद नरम पड़ा हो, लेकिन वह अपनी जिन मनचाही दस शर्तों पर युद्धविराम होने का दावा कर रहा है और जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति विचार योग्य पा रहे हैं, वे तो यही संदेश दे रही हैं कि ईरान के समक्ष अमेरिका को झुकना पड़ा। यह संदेश ट्रंप की फजीहत कराने और उनके अंतरराष्ट्रीय कद को छोटा करने वाला है। यदि होर्मुज समुद्री मार्ग खुलने के बाद भी उस पर ईरान का दबदबा कायम रहेगा और ईरानी सत्ता हिजबुल्ला, हमास जैसे अतिवादी संगठनों को सहयोग एवं सैन्य संसाधन देती रहेगी तो फिर इससे न तो अमेरिका के हितों की पूर्ति होगी, न इजरायल के और न ही खाड़ी देशों के। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि ईरान यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम जारी रखने की बात कर रहा है। यदि वास्तव में ऐसा है तो इसका मतलब है कि अमेरिका और ईरान वहीं आकर खड़े हो गए, जहां करीब 40 दिन के विनाशकारी घमासान के पहले थे। यदि अमेरिका को ईरान से वार्ता के माध्यम से ही मसले सुलझाने थे तो फिर उसने फरवरी में जारी बातचीत के बीच इजरायल से मिलकर उस पर चढ़ाई क्यों कर दी और इससे उसे हासिल क्या हुआ? अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम में पाकिस्तान की भूमिका ध्यान खींचने वाली है। लगता है अमेरिका ने पाकिस्तान को संदेशवाहक की भूमिका सौंपना बेहतर समझा।

## ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026' का कर्टेन रेज़र कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य में कृषि क्षेत्र को तकनीक, नवाचार और निवेश से जोड़ने के उद्देश्य से 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत कर्टेन रेज़र एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम 10 अप्रैल को जयपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान नीति-निर्माताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्टअप्स, एफपीओ और प्रगतिशील किसानों की भागीदारी से एग्रीटेक क्षेत्र में निवेश और नवाचार की संभावनाओं पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के तहत 17 अप्रैल को नई दिल्ली, 24 अप्रैल को अहमदाबाद, 6 मई को हैदराबाद और 8 मई को पुणे में रोड शो आयोजित किए जाएंगे।

## कालाडेरा कॉलेज में भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा आज

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सेठ आर.एल. सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाडेरा में भूगोल विषय की स्नातक कला व विज्ञान प्रथम सेमेस्टर व स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के स्वयंपाठी विद्यार्थियों की अनिवार्य व वैकल्पिक प्रायोगिक परीक्षा गुरुवार को प्रातः 09.30 बजे से आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह ने बताया कि भूगोल विषय में विभाग की ओर से स्वयंपाठी विद्यार्थियों की स्नातक कला व विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में दो प्रायोगिक परीक्षाएँ आयोजित की जाएगी। इनमें अनिवार्य एवं वैकल्पिक प्रायोगिक परीक्षा के अन्तर्गत कुल 52 स्वयंपाठी विद्यार्थी तीन बैच में परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

## प्रोफेशनल प्रीमियम टेनिस लीग सीजन-3 का आगाज, 16 टीमें मैदान में

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)** फील्ड क्लब में गुरुवार सुबह प्रोफेशनल प्रीमियम टेनिस लीग सीजन-3 का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट में 16 टीमों के 128 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन देश का पहला सर्टिफाइड कार्बन न्यूट्रल स्पोर्ट्स इवेंट बनने जा रहा है। सुबह खेले गए मुकाबलों में उदय टाइगर्स, माइटी मस्टैंग्स, मीन मशीन्स, नेट निंजाज, ग्लेयर टर्मिनेटर्स और टॉपस्पिन टाइटन्स ने अपने-अपने मैच 2-1 से जीतकर शानदार शुरुआत की। इसके अलावा ओपन डबल्स 80+, 100+ और 120+ वर्ग के मुकाबले भी खेले गए। शाम से टेनिस टाइड के तहत फादर-सन जोड़ियों के मैच भी शुरू होंगे, जो इस आयोजन का खास आकर्षण है। बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी से माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

## जयपुर में अतिक्रमण पर निगम की कार्रवाई, 44 हजार वसूले, 4 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 44 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूलते हुए 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में टीम ने बजाज नगर, कुम्भा मार्ग सेक्टर-10, नारायण हॉस्पिटल के सामने, कृष्णा अपार्टमेंट प्रताप नगर, बंबाला गैराज, एलआईसी ऑफिस टोंक रोड, द्वारका अपार्टमेंट, बी-2 बाईपास, महिमा सर्किल वंदे मातरम रोड मानसरोवर एवं विद्युत नगर चौराहा अजमेर रोड सहित कई स्थानों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण हटाकर जब्त सामान को गोदाम भिजवाया गया। साथ ही अतिक्रमण करने वालों को मौके पर ही भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अम्बेडकर जयंती को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठकआज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।**संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह सहित 11 से 14 अप्रेल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमो को भव्यता व पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित करने संबंध में जिला कलेक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मे संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी।

## फुले जयंती पर सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह कल

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर सांभर सैनी समाज की ओर से 11 अप्रैल को दूदू रोड स्थित फूल मालियान धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। समारोह में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, अंतरराष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा राजकीय सेवाओं में चयनित युवाओं का सम्मान किया जाएगा। सैनी समाज अध्यक्ष भारत सैनी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा, जागरूकता और एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने समाज के लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर महात्मा फुले के शिक्षा और समानता के संदेश को भी याद किया जाएगा, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

## परशुराम शोभा यात्रा को लेकर मातृशक्ति युवा शक्ति की बैठक

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर के भूखमारियो का मोहल्ला स्थित परशुराम सर्किल में 19 अप्रैल को परशुराम जयंती पर श्री परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में निकाले जाने वाली शोभा यात्रा को लेकर मातृशक्ति व युवा शक्ति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 19 अप्रैल को निकलने वाली परशुराम शोभा यात्रा को लेकर महिलाओं को प्रसार प्रसार के लिए टीमें बनाकर कार्यों का बंटवारा किया। सभी महिलाओं को शोभा यात्रा को लेकर अपने अपने वार्डों की जिम्मेदारियां दी गई। इस मौके पर आशा देवी, राधा शर्मा, किरण शर्मा, पूनम विजय , अंकिता शर्मा, ममता खंडेलवाल सहित युवा शक्ति व मातृ शक्ति मौजूद रही।

# स्पीकर देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधान सभा में वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न समितियों का किया गठन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वर्ष 2026-27 के लिए विधान सभा की विभिन्न समितियों में सदस्यों व सभापतियों का मनोनयन किया है। स्पीकर देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधान सभा की वर्ष 2026 -27 के लिए नियम समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति, महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति, पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति, अनुसूचित जाति कल्याण समिति, अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति, गृह तथा स्थानीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति, पुस्तकालय व सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, याचिका व सदाचार समिति, विशेषाधिकार व अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, अल्पसंख्यकों के कल्याण व पर्यावरण संबंधी समिति तथा सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति का गठन किया है। नियम समिति में स्पीकर वासुदेव देवनानी पदेन सभापति होंगे। समिति में वसुन्धरा राजे, अशोक गहलोत, श्रीचन्द कृपलानी, चन्द्रभान सिंह चौहान, सचिन पायलट, हरीश चौधरी व दीप्ति किरण माहेश्वरी सदस्य के रूप में मनोनीत किए गए हैं।

प्रश्न व संदर्भ समिति के सभापति राजेन्द्र पारीक होंगे। समिति में अर्जुनसिंह बामणीया, कान्ति प्रसाद, गोपीचन्द मीणा, जसवंत सिंह गुर्जर, अंशुमान सिंह भाटी, देवेन्द्र जोशी, रामावतार बैरवा, प्रताप पुरी, लालाराम बैरवा, रविन्द्र सिंह भाटी व दीन दयाल सदस्य होंगे। महिलाओं व बालकों के कल्याण संबंधी समिति की सभापति कल्पना देवी होंगी। समिति में शोभारानी कुशवाह, दीप्ति किरण माहेश्वरी, शोभा चौहान, रमीला खड़ीया, नौक्षम, शांता अमृतलाल मीणा, शिमला देवी, सुशीला रामेश्वर डूडी व डॉ. ऋतु बनावत सदस्य होंगी। पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के सभापति नरेन्द्र बुडानियां होंगे। समिति में श्री जब्बर सिंह सांखला, दीपचन्द खैरिया, भैरा राम चौधरी (सियोल), उदयलाल भडाणा, हरलाल सहारण, उदयलाल डांगी, धर्मपाल, ललित यादव, विकास चौधरी व सुरेश गुर्जर सदस्य होंगे। अनुसूचित जाति कल्याण समिति के सभापति रमेश खींची होंगे। समिति में बहादुर सिंह, कालूराम, चुन्नीलाल सी.एल. प्रेमी बैरवा, श्री सोहन लाल नायक, आदू राम मेघवाल, राधेश्याम बैरवा, राम सहाय वर्मा, लक्ष्मण राम, गीता बरवड़, अनीता जाटव व संजय कुमार सदस्य होंगे। अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति के सभापति फूल सिंह मीणा होंगे। समिति में कैलाशचन्द्र मीणा, इन्द्रा, घनश्याम, लक्ष्मण, महेन्द्र पाल मीना, हंसराज मीना, शंकरलाल डेचा, रामबिलास, मांगेलाल मीना व थावर चन्द सदस्य होंगे। गृह तथा स्थानीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति के सभापति डॉ. जसवंत सिंह यादव होंगे। समिति में श्रीचन्द कृपलानी, राम स्वरूप लाम्बा, छगन सिंह राजपुरोहित, दर्शन सिंह, भीम राज भाटी, लादु लाल पितलिया, चेतन पटेल कोलाना, विद्याधर सिंह, विनोद कुमार, डूंगरराम गेदर व अशोक कुमार कोठारी सदस्य होंगे। पुस्तकालय व सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के सभापति हरिसिंह रावत होंगे। समिति में अशोक, गोविन्द प्रसाद, रामनिवास गावड़िया, देवी सिंह शेखावत, ताराचन्द जैन, रेवन्तराम डांगा, विक्रम बंशीवाल, पितराम सिंह काला पूसाराम गोदारा व जयकृष्ण पटेल सदस्य होंगे। याचिका व सदाचार समिति के सभापति कैलाश चन्द वर्मा होंगे। समिति में गणेश घोगरा, वीरेन्द्र सिंह (दांता रामगढ़), राजेन्द्र गुर्जर, बाल मुकुन्दाचार्य, हंस राज पटेल, जेठानन्द व्यास, जयदीप बिहाणी, सुखवंत सिंह, भगवाना राम सैनी, अभिमन्यु, मोतीराम एवं डॉ. प्रियंका चौधरी सदस्य होंगे। विशेषाधिकार व अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के सभापति जितेन्द्र कुमार गोठवाल होंगे। समिति में प्रताप लाल भील, सुभाष मील, पुष्कर लाल डाँगी, मनीष यादव, विक्रम सिंह जाखल, ताराचन्द, अतुल भंसाली, प्रशान्त शर्मा, उमेश मीणा, गणेशराज बंसल, डॉ. शिखा मील बराला व कुलदीप सदस्य होंगे। अल्पसंख्यकों के कल्याण व पर्यावरण संबंधी समिति के सभापति केसाराम चौधरी होंगे। समिति में हाकम अली खां, जाकिर हुसैन गैसावत, रतन देवासी, श्री विरेन्द्र सिंह (मसूदा), भागचन्द टांकड़ा, राजेन्द्र, राजेन्द्र भाम्बू, अनिल कुमार कटारा व रूपिन्द्र सिंह कुन्नर सदस्य होंगे।

सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी पदेन सभापति होंगे। समिति में भजन लाल शर्मा, टीकाराम जूली, काली चरण सराफ, राजेन्द्र पारीक, अर्जुन लाल जीनगर, संदीप शर्मा, फूल सिंह मीणा, बाबू सिंह राठौड़, डॉ. जसवंत सिंह यादव, हरिसिंह रावत, केसाराम चौधरी, नरेन्द्र बुडानियां, रमेश खींची, कल्पना देवी, कैलाश चन्द वर्मा व जितेन्द्र कुमार गोठवाल सदस्य होंगे। अध्यक्ष देवनानी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी समितियाँ शासन के कार्यों की प्रभावी समीक्षा करते हुए जनहित, पारदर्शिता व जवाबदेही को और सुदृढ़ करेंगी।

## खराब फसलों का मुआवजा नहीं मिला, किसानों ने ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस)।** विधानसभा क्षेत्र में पिछले साल हुई बारिश के दौरान फसलों का मुआवजा अभी तक नहीं मिला। इसी को लेकर चाकसू सहकारी विक्रय समिति के अध्यक्ष मदनलाल चौधरी तमाडिया के नेतृत्व गुरुवार को तहसीलदार विपुल चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। वहीं मदनलाल चौधरी ने ज्ञापन में बताया कि किसानों को फसल बीमा की राशि काट ली जाती है लेकिन उसके बाद भी अभी तक पिछले साल और इस साल की एलोवस्की से हुई फसलों का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है ऐसे में किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं किसानों लगातार दोहरी मार पड़ रही है वहीं फसल बीमा मुआवजे मै देरी पर राजस्थान सरकार से अपील एक ओर खराब मौसम ओलावृष्टि के कारण सारी फसल नष्ट हो गई। ओर किसानों के साथ चल धोखा कर गिरदावरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। वहीं बताया कि जिस खेत मैं फसल गेहूं की है उसमें ये प्राइवेट एजेंसियों के कहने पर गलत गिरदावरी कर देते है और किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ती है इसलिए ये कंपनियों की मिलीभगत से कंपनियां लाभ कमा रही है मुख्यमंत्री से निवेदन है कि किसानों की पीड़ा को देखते हुए पूर्वसाल मैं वर्षा से नष्ट हुई फसल का वर्तमान मैं ओलावृष्टि से खराब का मुआवजा जल्दी दिलाने की मांग की गई।

## कटौती का शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर किया विरोध

जयपुर टाइम्स




**चौमूं(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) ने शिविरा पंचांग 2026-27 में ग्रीष्मावकाश व संस्था प्रधान द्वारा घोषित अवकाश में कटौती को लेकर प्रदेश भर में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कड़ा विरोध जताया हैं। संगठन का कहना हैं कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों व भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालय खोलना पूर्णतया अव्यावहारिक है। क्षेत्रीय व स्थानीय उत्सवों एवं आयोजनों में राजकीय अवकाश नहीं होने पर भी वहा के शत प्रतिशत बालकों की भागीदारी उसमें रहती है। इसी कारण से संस्था प्रधान द्वारा दो अवकाश घोषित किए जाने का प्रावधान रखा गया था विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना नियम के इसमें कटौती किया जाना समझ से परे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के गलत व अव्यावहारिक निर्णय लेने से सरकार की छवि भी धूमिल हुई है। शिक्षक संघ (सियाराम) के संरक्षक सियाराम शर्मा व संगठन के न्यायाधिकरण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश मीणा हाटवाल ने शिक्षकों को ग़ैर शैक्षणिक कार्यो में लगाए जाने का विरोध करते हुए विभिन्न प्रकार के अवकाशों में की गई कटौती को तत्काल दूर कर शिविरा कैलेंडर में संशोधन की मांग की हैं। संस्कृत शिक्षा महामंत्री अमित योगी, जिलाध्यक्ष हनुमान सहाय खटीक व उपशाखा अध्यक्ष अर्जुन यादव ने बताया कि 20 अप्रैल को जिला स्तर से जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुए विशाल शिक्षक रैली निकाली जाएगी।

## सराफा व्यापारी हत्याकांड व चोरी के विरोध में नदबई बंद, व्यापारियों का उग्र प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स




**नदबई (भरतपुर)।** कस्बे में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को व्यापार मंडल के आह्वान पर नदबई बाजार पूर्णतः बंद रहा। देर रात सराफा व्यापारी की दुकान में चोरी और इससे पहले हुए व्यापारी हत्याकांड के विरोध में व्यापारियों व नागरिकों ने सिंधी तिराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि गत दिनों सराफा व्यापारी योगेंद्र चोपड़ा की गोली मारकर हत्या कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना को करीब 15 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यापारियों में आक्रोश है। हालिया चोरी की घटना ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून-व्यवस्था सुधारने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से कस्बे में भय का माहौल है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। आंदोलनकारियों ने मृतक व्यापारी के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और दोषी पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग रखी। साथ ही शहर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करने की भी मांग की गई। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि नदबई में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और सरकार को तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। आंदोलन के दबाव में कुछ पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जानकारी सामने आई है, लेकिन व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## 12.69 करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, 6 साल से फरार 43 हजार का इनामी आरोपी दबोचा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 करोड़ 69 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर छह साल से फरार चल रहे 43 हजार रुपये के इनामी आरोपी अमित गौतम को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दिल्ली के लाजपत नगर क्षेत्र से पकड़ा गया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने यह सफलता हासिल की। आरोपी पर भरतपुर रेंज से 40 हजार तथा जयपुर पश्चिम पुलिस की ओर से 3 हजार रुपये का इनाम घोषित था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी उसकी तलाश कर रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी अमित गौतम ने अपने साथी अरुण अग्रवाल के साथ मिलकर करीब 200 लोगों से निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की। आरोपी लोगों को कम समय में पैसा दोगुना करने का लालच देकर अपनी फर्जी कंपनियों में निवेश करवाता था। विश्वास जीतने के लिए शुरुआती निवेश पर अधिक रिटर्न देता और बाद में बड़ी रकम हड़पकर फरार हो जाता था। आरोपी ने वैभव इंटरप्राइजेज, रूटविसोट लॉजिस्टिक्स प्रा. लि., द्रुमक कैपिटल प्रा. लि. सहित कई फर्जी कंपनियां बना रखी थीं। खुद को बड़ा निवेशक दिखाने के लिए लग्जरी गाड़ियां, महंगी घड़ियां व मोबाइल का उपयोग करता था। यहां तक कि लोगों को बैंक से लोन दिलवाकर भी निवेश करवाया जाता था।

पुलिस टीम पिछले छह माह से जयपुर, उदयपुर और दिल्ली में आरोपी की तलाश में जुटी थी। आखिरकार साइबर सेल की मदद से सटीक सूचना मिलने पर आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी मेडिकल क्षेत्र की जानकारी का लाभ उठाते हुए वहां छिपकर काम कर रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ धौलपुर, जयपुर और उदयपुर में करीब 20 मामले दर्ज हैं। मामले की जांच जारी है और आरोपी से पूछताछ कर अन्य साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## जनसुनवाई में दिव्यांग जूली को मिली राहत, मौके पर ही पेंशन स्वीकृत

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** अटल जनसेवा शिविर के तहत गुरुवार को पंचायत समिति बाड़ी व बसेड़ी में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान पंचायत समिति बाड़ी में 38 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं बसेड़ी में 22 परिवादों में से 10 का तत्काल समाधान किया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजा गया। बसेड़ी में दिव्यांग परिवादी जूली की बंद पेंशन का मामला सामने आया, जिस पर संभागीय आयुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर ही पेंशन स्वीकृत कर राहत प्रदान की। इसके अलावा वीकेश के राशन कार्ड संबंधी परिवाद पर जांच के निर्देश दिए गए। बाड़ी क्षेत्र में रास्ते के अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था, चारागाह भूमि सीमांकन, नालों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति एवं चिकित्सा सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर प्रशासन को जनता के और करीब लाना है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी, अल्का श्रीवास्तव, मुकेश कुमार मीणा, कालीचरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाड़ी में सफाई व्यवस्था चरमराई, जाम नालियों व गंदगी से आम आवाम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के बाड़ी शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। गुमट क्षेत्र सहित कई इलाकों में नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में कूड़ा उठाने की व्यवस्था भी प्रभावित है। कूड़ा संग्रहण वाहन नियमित नहीं आ रहे, जिससे जगह-जगह गंदगी के ढेर लग रहे हैं। गुमट व पुराना बाजार क्षेत्र में हालात अधिक खराब बताए जा रहे हैं। मंदिरों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी गंदगी और बदबू के बीच से गुजरना पड़ रहा है। मौके पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि होतम सिंह जाटव ने भी स्थिति पर चिंता जताई। नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। गंदगी के कारण मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नालियों की नियमित सफाई करवाई जाए और कूड़ा उठाने की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके।

## बामनेरा में गोचर भूमि घोटालाः सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**सुमेरपुर(निस)।** ग्राम पंचायत बामनेरा में गोचर भूमि और सार्वजनिक संपत्ति से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं ने प्रशासन की जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। जिला परिषद पाली की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ है कि नियमों की खुलेआम अनदेखी हुई, प्रक्रियाओं में खामियां रहीं और पूर्व नोटिस/निर्देशों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विशेषज्ञों और ग्रामीणों का कहना है कि अब समय है उच्च प्रशासन के सख्त कदम उठाने का। सरपंच रमणीक त्रिवेदी के खिलाफ न केवल निलंबन बल्कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होना जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी भी पदाधिकारी की ओर से सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग या अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे। स्थानीय ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपों की पुष्टि के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि सरकारी नियम और जनता का अधिकार किसी भी कीमत पर सुरक्षित रहना चाहिए। यह मामला प्रशासनिक सख्ती और जवाबदेही की कसौटी है। दोषी सरपंच के खिलाफ त्वरित कार्रवाई ना केवल न्याय का प्रतीक बनेगी, बल्कि भविष्य में किसी भी अनियमितता को रोकने के लिए मिसाल भी स्थापित करेगी।

## छात्रों को साइबर क्राइम से बचाव की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सिविल न्यायाधीश आकाश शर्मा ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल से सतर्क रहने तथा किसी भी स्थिति में ओटीपी साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही बताया कि साइबर ठगी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रामनरेश, अध्यापिका सारिका जैन सहित अन्य स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के सेक्टर 1 की कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार हरदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि विकसित भारत सामाजिक सुरक्षा लाभार्थी चिन्हीकरण के तहत हमें सर्वे का कार्य दिया गया है जो हमारे लेबल का नहीं है। साथ हमारी कार्यकर्ता कम पढ़ी लिखी है। इसकी जटिल प्रक्रिया हमारी समझ से परे है। हम इस सर्वे करने में असमर्थ हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवानी भाटी ने बताया कि विकसित भारत सामाजिक सुरक्षा लाभार्थी चिन्हीकरण का कार्य हमें दिया गया है। हमारे साथी कार्यकर्ता कम पढ़ी लिखी है इसकी प्रक्रिया जटिल है। जो हमारे लेबल की नहीं है। साथ ही बताया कि आंगनबाड़ी का कार्य भी हमें घर भी करना पड़ता है। हम मानदेय कर्मी है, सरकार की ओर से हमारे से जो कार्य करवाया जाता है उसका कोई अलग भुगतान भी नहीं किया जाता। हम सब कार्यकर्ताओं ने यह सर्वे नहीं करने का फैसला लेकर तहसीलदार राजलदेसर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें गंगा, शारदा सैनी, शिवानी भाटी, राजकुमारी मारू, जसोदा, मंजू, रेखा कंवर, अनिता कंवर,मीना कंवर, अनिता, मीता, सन्तोष, अनीता, मीना, मन्जू, संतोष सोनी, मधुमती, शारदा जाट, सावित्री, सीता, राधा, विमल, महेन्द्रा, खीवणी के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया।

## आजमन की समस्याओं का किया निस्तारण




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तारानगर की पंचायत समिति के वीसी कक्ष में वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें आमजन की शिकायतों का संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से तत्काल निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में चूरू अधीक्षण अभियंता एपी वर्मा, नायब तहसीलदार बजरंग सिंह, विकास अधिकारी अशोक कुमार, साहवा नायब तहसीलदार चंद्रशेखर , ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्विच बंद होने पर भी दौड़ रहा करंट, रतनगढ़ के वार्ड 31 में हादसे का खतरा



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 31 में पिछले तीन महीनों से सात-आठ घरों के लोग गंभीर बिजली समस्या से जूझ रहे हैं। वार्डवासियों का आरोप है कि घरों में लगे बिजली उपकरणों के स्विच बंद होने के बावजूद उनमें करंट दौड़ रहा है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासियों मधु शर्मा, जयप्रकाश सराफ और कमल पंसारी ने बताया कि स्थिति इतनी खतरनाक हो गई है कि सुबह पानी के नलों का उपयोग करते समय भी करंट के झटके महसूस हो रहे हैं। इससे लोग बिजली उपकरणों को छूने तक से डर रहे हैं। वार्डवासियों के अनुसार, इस तकनीकी खराबी की जानकारी कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। विभाग की अनदेखी से लोगों में आक्रोश है। निवासियों का कहना है कि स्विच बंद होने के बावजूद उपकरणों में करंट आना और पानी के संपर्क में बिजली का प्रवाह होना किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द समाधान कर राहत दिलाने की मांग की है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बड़ी संख्या में पंचायत समिति पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और विकसित भारत सामाजिक सुरक्षा लाभार्थी चिन्हीकरण सर्वे का कार्य करने से मना कर दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और उसके बाद उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर बताया कि हमारे विभाग के अधिकारी मौखिक आदेश देकर हम



पर ये सर्वे कार्य करने के लिए दबाव बना रहे हैं, जबकि हम लोगों के पास पहले से ही काफी ज्यादा काम है। और तो और हमें 4 जी फोन दे रखे हैं, जिसके कारण हमारा कार्य काफी देरी से सम्पन्न होता है। ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विकसित भारत के तहत सर्वे कार्य नहीं कर पाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुशीला पुरोहित, सुमन जाट, कैलाश पंवार, विमला स्वामी, विजेता स्वामी, बिपुबाला, संतोष देवी शर्मा, रूचि शर्मा, मोनिका मिश्रा, सुनीता, ओमी देवी, कमला, द्रोपदी, अमीता, किरण, मनसुखी, मोनिका, भाग्य लक्ष्मी, वीणा देवी, कमला दर्जी, सम्पत देवी, टीमू वर्मा, प्रेम शर्मा, सरस्वती, मंजू, नोरा, पदमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## अवकाश कटौती के विरोध में शिक्षक संघ का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बुहाना(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के आह्वान पर उपशाखा बुहाना के कार्यकर्ताओं ने शिक्षा विभाग की ओर से अवकाशों में की गई कटौती के विरोध में मंगलवार को काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि हाल ही में जारी शिविरा पंचांग 2026-27 में ग्रीष्मावकाश, शीतकालीन अवकाश एवं संस्था प्रधान अधिकृत अवकाशों में कटौती की गई है, जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। ब्लॉक मंत्री नरेश सिंह तंवर ने कहा कि इसी के विरोध में संगठन ने आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा, वहीं 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी (कोटा) में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जिला मंत्री सुदेश यादव, महिला मंत्री अंजु देवी, दिनेश जांगिड़, सुशील रांगेय, किशोरी लाल, मुकेश जांगिड़, श्यामसुंदर रांगेय, सूरज कुमार, उत्पल यादव, गौरव, धर्मवीर गौरा, रिंकू मीणा, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, योगित यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हादसों में एक की मौत, 3 लोग घायल, एक रैफर

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अलग- अलग हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सालासर रोड पर धाँ गांव पुलिया से भीमसर की ओर लोढ़सर साइड से अपने गांव जा रहे बाइक सवार युवक को वाहन ने टक्कर मार दी, जिसे 108, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, भागीरथ आदि ने इमरजेंसी मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त ताराचंद जाट (40) पुत्र भँवरलाल जाट, निवासी गांव मुरड़ाकिया के रूप मे हुई। गुरुवार सुबह परिजनों की रिपोर्ट पर सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इसी प्रकार ट्रक ने ट्रेक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। बुधवार रात करीब सवा 11 बजे बजरी से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली को सुजानगढ़ सालासर रोड पर धां पुलिया के पास ट्रक चालक पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे उस पर सवार मांगीलाल, राजकुमार, बंटी, निवासी शोभासर घायल हो गए जिनको 108, भरत, भागीरथ की ओर से सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर उपचार करवाया गया। घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इसी प्रकार गुरुवार सुबह भोजलाई रोड पर सामुदायिक भवन के पीछे साइड के खेतों की ओर रास्ते पर एक युवक गंभीर हालत में पड़ा मिला। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भागीरथ, इंद्र चंद जाट मौके पर पहुंचे तथा युवक को सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। स्थिति गंभीर होने के कारण युवक को सीकर रेफर कर दिया। सोशल मीडिया अपील पर गंभीर घायल की पहचान मोतीलाल पुत्र घनश्याम मेघवाल उम्र 35 वर्ष करीब निवासी गांव रोड़ू के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक युवक मजदूरी करता है। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली के एएसआई तेजाराम भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## रतनगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, युवक से 2 अवैध पिस्टल व 10 कारतूस बरामद

**रतनगढ़(निस)।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रतनगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो अवैध 32 बोर पिस्टल, मैगजीन व 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद के निर्देशन में जिलेभर में अवैध हथियार तस्करों व गैंगस्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रतनगढ़ थानाधिकारी गौरव खिड़िया के नेतृत्व में गठित टीम गश्त के दौरान धूमांदा जाने वाली सड़क पर पहुंची, जहां संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी पवन कुमार (25) पुत्र कालूराम कीचड़ निवासी जांवादा (थाना रतनगढ़) के पास से दो अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि हथियार कहां से लाए गए और इनका उपयोग किस वारदात में किया जाना था। कार्रवाई में उप निरीक्षक सुभाषचंद्र, कांस्टेबल जगदीश, संदीप, मोनू तथा डीएसटी टीम चूरू के जयप्रकाश, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार और मोहरपाल की विशेष भूमिका रही।

## जिले की पांच मेडिकल स्टोर के औषधि अनुज्ञा पत्र 5 दिवस के लिए निलंबित

**झुंझुनूं(निस)।** जिला खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण कार्यालय की ओर से अनियमित मिलने पर जिले के 5 मैडिकल स्टोर के औषधि अनुज्ञा पत्र 5 दिवस के लिए निलंबित किए गए है। सहायक औषधि नियंत्रक अनूप रावत ने बताया कि जिले की 5 फर्मों पर विभिन्न प्रकार की अनियमिताएं मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें एस एस मेडिकल एंड प्रोविजनल स्टोर, राव मेडिकल एंड जनरल स्टोर, सुनील मेडिकल एजेंसी, आरके मेडिकल एंड जनरल स्टोर, आर जे मेडिकल स्टोर के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई विभाग के औषधि नियंत्रण अधिकारी लोकेश सिंह व सरिता मीणा की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

## श्रीकृष्ण लीलाओं का अद्भुत संगम, भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** खिरोड़ गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कथा वाचक हरि शरण महाराज ने अपने प्रभावशाली व भावपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का सजीव वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज ने श्रीकृष्ण के बाल चरित्र, माखन चोरी, गोवर्धन धारण और भक्तों के प्रति उनकी अटूट करुणा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की लीलाएं केवल कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक हैं। कथा के दौरान पूरा पांडाल 'जय श्रीकृष्ण' और 'राधे-राधे' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान ईश्वर सिंह तथा मुख्य आयोजक करण सिंह, भवानी सिंह आदावली और नरपत सिंह की विशेष भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में यह धार्मिक आयोजन भव्य रूप ले रहा है।बन्ना सिंह राज खिरोड ने सारी वयवस्था ओ को ध्यान पुरवक निर्णवण किया। इनमें हनुमान सिंह खिरोड़, बनवारी सेन, दलीप सिंह छापड़ा, भंवर खिरोड़, चंद्र सिंह खिरोड़, बाबूलाल सोनी, जुगल




किशोर खिरोड़, योगेंद्र सिंह खिरोड़, ओम, दुलीचंद खिरोड़, शंकर व्यास सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया तथा पुजारी सेवक महासंघ जिला अध्यक्ष विनोद पुजारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। कथा के अंत में आरती व प्रसाद वितरण के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। आगामीर दिनों में कथा के और भी महत्वपूर्ण प्रसंगों को सुनने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह लगातार बढ़ता नजर आ रहा है।

## नवलगढ़ अस्पताल में दवाइयों की कालाबाजारी के आरोप

### जांच की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़/झुंझुनूं।** नवलगढ़ कस्बे के जिला अस्पताल में महंगी इंजेक्शन व दवाइयों की चोरी तथा कालाबाजारी के आरोपों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। ग्राम पंचायत बिरोल के सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि लंबे समय से अस्पताल में दवाइयों की अनियमितताएं चल रही हैं, जिससे मरीजों को मजबूरन बाहरी दुकानों से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जन औषधि के नाम पर अस्पताल परिसर के अंदर खुला गेट



अनुचित तरीके से संचालित हो रहा है, जहां दवाइयां एमआरपी से अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ कार्मिकों की मिलीभगत से अस्पताल से महंगी दवाइयों की चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस संबंध में नवलगढ़ थाने में दर्ज एफआर संख्या 28 की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मामले को अन्य थाने में स्थानांतरित करने की मांग की गई है।

## सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़ (नि.सं.)।** नगरपरिषद आयुक्त को कॉमरेड जगदीश नाथ ने ज्ञापन सौंपकर आपणी योजना के अंतर्गत तोड़ी गई सड़कों को सही करवाये जाने की मांग की है। साथ ही किए गए पेच वर्क में राशि गबन व भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मामले की जांच करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता को भी इस बारे में अवगत करवाया गया है, लेकिन फिर भी तोड़ी गई सड़को को ठीक नहीं किया गया है। अतः जल्द से जल्द सड़कों को सही करवाया जाए और इसमें कथित भ्रष्टाचार की भी जांच की जावे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभारः डॉ.सुमन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता डा. सुमन कुलहरी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। डा0 सुमन ने गुरूवार को जारी वक्तव्य में कहा है कि यह ऐतिहासिक कानून महिलाओं की राजनीति में निर्णायक भूमिका को मजबूत करेगा, जो विकसित भारत के संकल्प की ओर एक बड़ा कदम है। यह कानून महिला सशिक्तकरण को नई ऊंचाई देता है। डा. सुमन कुलहरी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन देने वाले राज्यसभा के सभी सदस्?यों के प्रति आभार व्?यक्?त किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव की दिशा अब यह केवल एक कानून नहीं है, बल्कि नारी की गरिमा और शक्ति का असली वंदन है। यह महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33' प्रतिनिधित्व का अधिकार है। भारत आज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां नारी शक्ति को निर्णय लेने की मुख्यधारा में लाने का संकल्प साकार होगा। यह पहल न केवल लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि ''यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो।

## बीदासर में मधुमक्खियों का बढ़ता खतरा

### आबादी के बीच बने छत्तों से बड़े हादसे की आशंका



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे में इन दिनों मधुमक्खियों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। आबादी वाले क्षेत्रों में पेड़ों पर बड़े-बड़े मधुमक्खियों के छत्ते बने होने के कारण हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। जानकारी के अनुसार, कस्बे की पुरानी सब्ज़ी मंडी स्थित गांधी चौक, नगरपालिका गढ़ परिसर के पास, पुरानी नगरपालिका के सामने तथा सिनेमा हाल के सामने सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर बड़ व पीपल के पेड़ों पर मधुमक्खियों ने विशाल छत्ते बना लिए हैं। इन स्थानों पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे अचानक मधुमक्खियों के छिड़ने पर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्र में मधुमक्खियों के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है, जिससे इस खतरे की गंभीरता और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को समय रहते इन मधुमक्खियों का सुरक्षित रेस्क्यू कर भीड़भाड़ वाले इलाकों से हटाना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

## 11 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमो का होगा आयोजन

**झुंझुनूं(निस)।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के दौरान 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जिला व ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि 11 अप्रैल को जिला स्तर पर ज्योतिबा फुले की मूर्ति प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। वही 12 अप्रैल को संविधान को जाने 'ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता' का शुभारंभ होगा, जो जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगी। 13 अप्रैल को स्वच्छता व सामाजिक समरसता के कार्यक्रम जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होंगे। 14 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगा।

**कार्यालय नगर परिषद्, सरदारशहर (जिला चुरू)**
Ph. 01564-220681, 220030 Email: eonpsdr@gmail.com

क्रमांक :— न.प.स. / 2026—27 / 78—79 दिनांक :— 07.04.2026

**निविदा सूचना सं. 03 वर्ष 2026–27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से नगर परिषद् सरदारशहर द्वारा 01 कार्यो के लिए निविदा सूचना संख्या 03 वर्ष 2026—27 आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है। विस्तृत विवरण वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद् सरदारशहर के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

| S.No. | निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा सूचना सं. 03 वर्ष 2026—27 | DLB2627A0214 | DLB2627SSOB00716 |

राज.संवाद / सी / 26 / 556 आयुक्त, नगर परिषद् सरदारशहर

**Office Gram Panchayat Mawanda RS, Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)**

File No: 307 Date: 09.04.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for MGNAREGA and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for FY 2026-27 Gram Panchayat Mawanda RS, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 10.04.2026, 09:00 AM to 21.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS- 40,00,000/-

UBN No. - PIQ2627GLRC00020.

**Village Developmeneger**
**Gram Panchayat Mawanda RS,**
**Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)**

# सुमेरपुर में भामाशाहों की गौदान मिसाल: ट्यूबवेल और पाइपलाइन से खत्म हुआ जल संकट

## श्री राम गौशाला बनेगी सेवा का मॉडल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** भीषण गर्मी और पेयजल संकट के बीच श्री राम गौशाला, कोलीवाड़ा में दो प्रमुख भामाशाहों ने ऐसा गौदान कर पूरे क्षेत्र में मिसाल कायम कर दी, जिसने केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि बेजुबान गौवंश के लिए जीवनदायिनी पहल बनकर उभरा है। गौशाला सेवा समिति की प्रेरणा से तखत सिंह राठौड़ (निवासी चाणोद) ने 79,500 की राशि से ट्यूबवेल खुदवाकर गौशाला में स्थायी जल स्रोत उपलब्ध कराया। इससे वर्षों से चली आ रही जल समस्या का स्थायी समाधान हो गया और अब सैकड़ों गौ माता निर्बाध पेयजल पा सकेंगी। पालिका उपाध्यक्ष एवं गौशाला उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने 61,000 की राशि से मोटर व पाइपलाइन की व्यवस्था कर गौशाला में आधुनिक जल प्रबंधन सुनिश्चित किया। दोनों भामाशाहों के संयुक्त प्रयास से अब गौशाला में स्थायी और आधुनिक जल व्यवस्था कायम हो गई है। सूत्रों के अनुसार इस जल





स्रोत से न केवल गौवंश को पानी मिलेगा, बल्कि इसी पानी से हरे चारे की खेती भी की जाएगी, जिससे गौवंश को पौष्टिक आहार भी उपलब्ध होगा।

### घोषणा नहीं, कर दिखाया गौदान का सच्चा स्वरूप:

इस सेवा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह केवल घोषणा तक सीमित नहीं रही, बल्कि दोनों भामाशाहों ने धरातल पर स्थायी समाधान दिखाकर सच्ची सेवा का उदाहरण पेश किया। बकौल तख्तसिंह राठौड़, मनुष्य जीवन अनमोल है, इसका सही उपयोग सेवा में ही है। गौ सेवा हमारी संस्कृति और आस्था का आधार है। जब तक सामर्थ्य है, मैं गौ माता की सेवा में योगदान देता रहूंगा और समाज से भी अपील करता हूं कि इस पुण्य कार्य में आगे आएं।'

### चतुर्भुज शर्मा का संदेश:

'यदि समाज एकजुट होकर कार्य करे तो कोई भी गौशाला संसाधनों के अभाव में नहीं रहेगी। मेरा प्रयास रहेगा कि सेवा कार्य लगातार जारी रहें और हर जरूरतमंद स्थान तक पहुंचे। तखत सिंह राठौड़ ने कोरोना काल में भी मानवता की मिसाल पेश की। भूखों को भोजन, प्यासों को पानी, जरूरतमंदों को कपड़े, साबुन और तेल उपलब्ध कराए, तथा बिछड़े लोगों को परिवारों से मिलवाया। आज भी वे किसी भी गौशाला में सेवा कार्य के लिए एक रुपये तक नहीं लेते। पालिका उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा भी सामाजिक और गौ सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय हैं। उनकी पहल से कई जनहित कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं और वे हर जरूरतमंद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

### समिति ने जताया आभार:

वरिष्ठ पत्रकार व गौशाला व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने बताया कि यह पुण्य कार्य पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि तखत सिंह राठौड़ व चतुर्भुज शर्मा दोनों की जोड़ी ने नया इतिहास रच कर आमजन को सेवा के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष शर्मा की माताजी विद्या देवी धर्मपत्नी मदन लाल शर्मा की पुण्य स्मृति में की गई। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, मंत्री भंवरलाल परमार, सलाहकार सदस्य चंपालाल चांदोरा, खीमाराम कुमावत, अमर सिंह कोलीवाड़ा, नंदू भाई कोलीवाड़ा, जगदीश भाई सुथार कोलीवाड़ा और कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित सहित अन्य पदाधिकारियो ने दोनों भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ओरण बचाओ टीम ने सायला में किया जन संपर्क



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** कस्बे में ओरण बचाओ पदयात्रा के प्रतिनिधि मंडल ने सायला में संपर्क कर जयपुर पदयात्रा में शामिल होने की अपील की। टीम के भोपालसिंह झलोडा ने संपर्क कार्यकम के तहत सिणधरी रोड होटल में पर्यावरण प्रेमियों से मुलाकात की। जिन्होंने 21जनवरी से ओरण बचाओ को निकली पदयात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि पदयात्रा को सभी वर्गों का आत्मीय समर्थन मिल रहा है। हर गांव शहर से यात्रा में आमजन जुड़कर ओरण टीम को मजबूती प्रदान कर रहे है।पदयात्रा का उद्देश्य आनेवाली पीढ़ी को सुरक्षित पर्यावरण व पशुओं को चारागाह को बचाना है। यात्रा अगले सप्ताह 16 अप्रैल को जयपुर पहुंचेंगी। जिसमे सभी से संपर्क कर अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर मुख्यमंत्री कार्यालय के आगे मांग को मजबूती से रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जोधपुर अजमेर में वार्ता भी हुईं। लेकिन अभी तक ओरण के संबंध में लिखित रूप में नहीं दे रही है। साथ हजारों बीघा जमीन निजी कंपनियों को देकर कुठाराघात कर रही है। संपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने आगामी 16 अप्रैल को जयपुर में अधिकाधिक संख्य में शामिल होकर टीम को समर्थन देने की बात कही। वही प्रतिनिधि टीम का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भेरूपालसिंह दासपां, जेतमालसिंह सोढा, तेजा की बेरी पूर्व सरपंच नवाब खान, भवानीसिंह देता, छैलाराम सेन, नरेंद्रसिंह बोरवाडा, करणसिंह, जसवंतसिंह, दाऊद खान, नकुलसिंह रेवतड़ा आदि उपस्थित रहे।


## जिला कलक्टर ने बिठूड़ा में रात्रि चौपाल में आए परिवादों का किया निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को बिठूड़ा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल में ग्रामीणों की ओर से बिठूड़ा से चांदराई सड़क के अधूरे निर्माण कार्य की शिकायत करने पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मौके पर ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को कॉल कर सड़क के अधूरे कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आहोर उपखण्ड अधिकारी रोहित चौहान, आहोर तहसीलदार लधाराम पंवार, आहोर विकास अधिकारी बाबूसिंह राजपुरोहित सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर रेलवे स्टेशन पर पटरी पार करते यात्री, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** जवाई बांध रेलवे स्टेशन, जिसे अब सुमेरपुर रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाता है, पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर स्थिति सामने आ रही है। प्लेटफॉर्म नंबर एक से दो तक जाने के लिए कई यात्री सीधे पटरी पार करते नजर आ रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज की दूरी और असुविधा के कारण यात्री जोखिम उठाकर पटरी पार करना आसान समझते हैं। इस दौरान बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी खतरे में रहते हैं। कई बार जल्दबाजी में यात्री ट्रेन के आने से पहले ही पटरी पार करते देखे गए हैं। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं मानी जा रही है। यात्रियों का कहना है कि न तो पर्याप्त निगरानी है और न ही प्रभावी रोकथाम के इंतजाम, जिससे यह स्थिति लगातार बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, फुटओवर ब्रिज की सुविधा बेहतर बनाई जाए और यात्रियों को सुरक्षित तरीके से प्लेटफॉर्म पार करने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके।

**Name change**

SAVITRI is legally mother of No. 14671872A Rank- HAV. Name NARENDRA SINGH residing of Village- HAMIRWAS BARA Post Office- HAMIRWAS Tehsil- RAJGARH District-CHURU State- RAJASTHAN Pin- 331305 have changed my name from SAVETRI DEVI to SAVITRI vide affidavit No. 290830 dated 08-04-2026.

## मिट्टी के परिंडे लगाने से पक्षियों को मिलेगा शीतल जल

### एक हजार परिंडे लगाने का रखा लक्ष्य

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** विगत 10 वर्षों से नारणावास के रूपसिंह राठौड़ की ओर से चलाए जा रहे परिंडे लगाओ पक्षी बचाओ अभियान का शुभारंभ महंत महेन्द्र भारती ने गुरुवार को नया नारणावास में किया। महंत महेन्द्र भारती ने कहा कि परिंडे लगाने से बेजुबान पक्षियों को पानी पीने को मिलेगा। जिससे पक्षियों को गर्मी के मौसम मे राहत मिलेगी। महंत महेन्द्र भारती ने रूपसिंह राठौड़ की ओर से चलाए जा रहे परिंडे लगाओ पक्षी बचाओ अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस अभियान से अन्य लोग भी प्रेरणा लेकर परिंडे लगाएंगे। मिट्टी के परिंडे लगाने से पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने को ठंडा पानी मिलेगा। जालोर जिले में भीषण गर्मी सितम ढा रही है। पानी के लिए बेजुबान पशु पक्षी सभी तरस रहे है। पक्षियों को लम्बी उड़ान भरने के बाद भी दूर दूर तक पानी नहीं मिल रहा हैं। इन बेजुबानों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए नया नारणावास के शारीरिक शिक्षक रूपसिंह राठौड़ ने परिंडे लगाओ पक्षी बचाओ अभियान चला कर पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य टीम बना कर विभिन्न गांवों में किया। रूप सिंह राठौड़ नारणावास की ओर से गुरुवार को 168 से अधिक परिंडे नि:शुल्क लोगों को उपलब्ध



करवाए गए। ताकि ग्रामीण अपने घरों व सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगा सके, जिससे गांवो में जगह जगह पक्षियों को पीने को नीर मिल सके। इस अवसर पर नारणावास प्रशासक जशोदा कंवर, भगवत सिंह नारणावास, रतन सिंह बागरा, ईश्वर सिंह धवला, चक्रवर्ती सिंह राठौड़, पदमपुरी, मुला राम बागरा, हरि राम बागरा, प्रीतम कवर, पूजा कुमारी, छगन लाल मेघवाल आदि मौजूद रहे। रूप सिंह राठौड़ ने बताया कि बेजुबान पक्षियों को ठंडा पानी पीने को मिल सके इसके लिए अप्रेल से मई 2026 तक एक विशेष अभियान चलाकर 1 हजार मिट्टी के परिंडे विभिन्न गावों मे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। परिंडों में पानी नियमित भरने का लोगों से आह्वान भी किया गया। ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पीने को ठंडा पानी मिल सके। पूर्व में रूप सिंह राठौड़ ने 4 सीमेंट के स्थायी कुंड भी बनवाए, जिससे छोटे व मोर जैसे बड़े पक्षियों को पानी पीने को मिल सके।

## एसपी विकास सांगवान ने थानों-चौकियों का किया निरीक्षण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने गुरुवार को बसईडांग व सोने का गुर्जा थानों सहित सेवर पाली और बिजौली पुलिस चौकियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व जवानों से कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर, मैस, बैरक, मालखाना एवं विभिन्न रजिस्टरों जैसे अपराध, महिला उत्पीड़न, गुमशुदा, भूमि विवाद आदि का अवलोकन किया। साथ ही महिला हेल्प डेस्क और कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर सीसीटीएनएस प्रणाली में समय पर डाटा फीडिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने, गश्त बढ़ाने, असामाजिक तत्वों पर




कार्रवाई करने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन भवनों का भी निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से संवाद कर फीडबैक लिया।

## दिन में जलती लाइटें, रात में अंधेरा: सुमेरपुर में बिजली व्यवस्था पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर में बिजली व्यवस्था इन दिनों अव्यवस्था का शिकार नजर आ रही है। हालात यह हैं कि जहां रात के समय कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं, वहीं दिन के उजाले में हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइटें जलती नजर आ रही हैं। इससे न केवल ऊर्जा की बर्बादी हो रही है, बल्कि आमजन को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को आसोटिया हनुमान मंदिर व घांचियों का वास स्थित महादेव मंदिर क्षेत्र में सुबह से लेकर दोपहर तक लाइटें जलती रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहरवासियों के अनुसार स्ट्रीट लाइटों के संचालन की जिम्मेदारी नगरपालिका की होती है, जबकि बिजली आपूर्ति एवं तकनीकी व्यवस्था डिस्कॉम के अधीन है। ऐसे में दोनों विभागों के बीच समन्वय की कमी स्पष्ट नजर आ रही है। कई स्थानों पर टाइमर सिस्टम काम नहीं कर रहा, जिससे दिन में भी लाइटें चालू रहती हैं। लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार बिजली बचाने का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार की लापरवाही से सरकारी राजस्व पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं





होने से नागरिकों में नाराजगी है। वहीं रात के समय अंधेरे के कारण राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि व्यवस्था में सुधार कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि बिजली की बर्बादी रोकी जा सके और आमजन को राहत मिल सके।

## स्वच्छता आदत बने, मानसिकता में बदलाव जरूरी: के.के. गुप्ता

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के राज्य ब्रांड एम्बेसडर के. के. गुप्ता ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि आदत बननी चाहिए और इसके लिए मानसिकता में बदलाव आवश्यक है। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन अब जन आंदोलन बन चुका है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में स्वच्छता को लेकर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं और नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में नगर निकायों को स्वच्छता के आधार पर चार श्रेणियों–ए, बी, सी और डी में वर्गीकृत करने की जानकारी दी गई। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक पर रोक, सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई और



रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी. टी. ने कहा कि स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है और इसके लिए जनभागीदारी अहम है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग व सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद आयुक्त कर्मवीर सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक प्रकाश श्रीवास्तव सहित विभिन्न निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बामनेरा में आज विशेष ग्राम सभा

**सुमेरपुर(निस)।** ग्राम पंचायत बामनेरा में शुक्रवार को सुबह 11 बजे पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा बैठक आयोजित होगी। ग्राम पंचायत प्रशासक रमणीक त्रिवेदी के निर्देशन में आयोजित इस बैठक को गांव के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी जुगल किशोर ने बताया कि बैठक में सड़क, नाली-सफाई, पेयजल व्यवस्था, लंबित विकास कार्यों तथा नई योजनाओं के प्रस्तावों पर चर्चा होगी। साथ ही ग्रामीणों के सुझावों के आधार पर विकास की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक को लेकर बामनेरा, पोयणा और धनापुरा गांव में उत्साह का माहौल है। पंचायत ने सभी जनप्रतिनिधियों, वार्ड पंचों और ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि गांव के हित में प्रभावी निर्णय लिए जा सकें।

## फायरिंग के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**धौलपुर(निस)।** करीब ढाई साल पुराने जानलेवा फायरिंग के एक मामले में अपर जिला सेशन न्यायालय धौलपुर ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अपर लोक अभियोजक मुकेश सिकरवार ने बताया कि मामला 21 अक्टूबर 2022 राजाखेड़ा थाना क्षेत्र का है। जिसमें राजाखेड़ा निवासी राजू पुत्र फरेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरा भाई पुष्पेंद्र हॉट मैदान राजाखेड़ा में मैच खेलने गया था। तभी तपेन्द्र पुत्र हरि सिंह निवासी राजाखेड़ा ने जान से मारने की नीयत से पुष्पेंद्र पर कट्टे से फायर कर दिया। जिसकी गोली पुष्पेंद्र के पैर में जाकर लगी। अपर लोक अभियोजक मुकेश सिकरवार ने बताया कि राजाखेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तफ्तीश अनुसंधान कर कोर्ट में चालान पेश किया। जिसमें अपर जिला सेशन न्यायालय धौलपुर के न्यायाधीश राकेश गोयल ने 9 अप्रैल को सुनवाई करते हुए आरोपी तपेंद्र पुत्र हरि सिंह को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

## 2047 तक की विकास योजनाओं पर जिला स्तरीय समीक्षा, कार्यों में तेजी के निर्देश




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** जिला प्रशासन ने गुरुवार को दीर्घकालिक विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित कर वर्ष 2047 तक की कार्ययोजना पर मंथन किया। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, वित्तीय व्यय और संसाधनों के उपयोग की समीक्षा की गई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देशानुसार सभी विभागों ने अपनी-अपनी योजनाओं की स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में 2030 और 2035 तक के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए कार्यों की समय-सीमा तय करने और संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचा एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि योजनाओं का क्रियान्वयन तय समय में सुनिश्चित किया जाए और रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाए। समीक्षा के दौरान कुछ विभागों में कार्यों की धीमी प्रगति और संसाधन प्रबंधन में कमी भी सामने आई, जिसे सुधारने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके।

## सुमेरपुर में गौसेवा का जोश: भामाशाहों ने दिखाई प्रेरक एकजुटता

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/कोलीवाड़ा।** श्री राम गौशाला, कोलीवाड़ा में गुरुवार को भामाशाहों की प्रेरक भागीदारी ने सेवा का नया उदाहरण पेश किया। भामाशाह भगाराम गहलोत और उनकी धर्मपत्नी रतन देवी गहलोत ने नियमित रूप से चार टोली हरा चारा गौमाता को समर्पित करने का संकल्प पूरा किया। उनके साथ उनके पुत्र प्रदीप, विकास, मोहित और



लोकेश गहलोत तथा पुत्रवधू सुखी देवी व नीता देवी भी शामिल हुए, जिन्होंने पारिवारिक एकजुटता का संदेश दिया। इसी कड़ी में सुथार परिवार ने अपने पुत्र सुमित कुमार के विवाह के शुभ अवसर पर दो कार्टून गुड़ गौमाता को समर्पित किए। वहीं, भामाशाह शैलेंद्र दवे ने एक टोली हरा चारा गौमाता को भेंट कर सेवा के इस कारवां को और मजबूत किया। गौशाला सेवा समिति ने सभी भामाशाहों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सेवा भावना और संस्कृति को नई दिशा देते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष धीरज सांखला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार और मंत्री भंवरलाल परमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे और भामाशाहों को सम्मानित किया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
10 अप्रैल, 2026

# स्थायी आयुक्त के अभाव में नगरपरिषद व्यवस्था प्रभावित, जन सुनवाई में उठे कई गंभीर मुद्दे

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** पंचायत समिति स्थित वीसी रूम में आयोजित जन सुनवाई में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याएं प्रमुखता से उठीं। जन सुनवाई में एडीएम संतोष मीणा व उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने आमजन की परिवेदनाएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान नगरपरिषद में स्थायी आयुक्त नहीं होने का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। भाजपा नेता कमल दाधीच ने आरोप लगाया कि कार्यवाहक आयुक्त फोन तक नहीं उठाते, जिससे आमजन की



समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने चापटिया तलाई में जलभराव की समस्या को लेकर भी चिंता जताई। इस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि स्थायी आयुक्त की नियुक्ति आवश्यक है और इसके लिए उच्च स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। विजयपाल श्योराण ने छापर अस्पताल में एक्स-रे सुविधा नहीं होने का मुद्दा उठाया। अधिकारियों ने बताया कि स्थान की कमी के कारण यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, लेकिन नए भवन में सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी। उपखंड अधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर एक्स-रे कराने की नौबत नहीं आनी चाहिए। हरासर गांव के कमल हर्षवाल ने तीन वर्षों से ट्रांसफार्मर नहीं लगने की शिकायत दर्ज करवाई। इस पर अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोगों की ओर से विरोध किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी ने पुलिस जाप्ते के साथ नियमानुसार कार्यवाही कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष पृथ्वीसिंह शेखावत के नेतृत्व में किसानों ने गिरदावरी में त्रुटियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने आरोप लगाया कि सैटेलाइट आधारित गिरदावरी में फसलों का गलत विवरण दर्ज हुआ है। इस पर जांच कर सुधार करने की मांग की गई। अन्य मुद्दों में नाथोतालाब क्षेत्र में शौचालय निर्माण की मांग, शिवबाड़ी रोड पर अतिक्रमण हटाने की समस्या तथा खेतों के रास्ते बंद होने की शिकायतें भी सामने आईं। संबंधित अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जन सुनवाई में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक केशरीचंद नाई, नगरपरिषद आयुक्त विक्रम जोरवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एडीएम ने ली आरएम आरएस की बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय बगड़िया अस्पताल स्थित पीएमओ कार्यालय में एडीएम संतोष मीणा की अध्यक्षता में राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी, सुजानगढ़ की बैठक का आयोजन किया गया। पीएमओ सुजानगढ़ द्वारा अस्पताल में वित्तीय वर्ष 26- 27 में मरीजों के हित के लिए होने वाले खर्चो का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया। साथ ही अस्पताल में मरीजों को स्वास्थ्य सेवा में विस्तार करने में होने वाले खर्च की स्वीकृति के लिए 14 एजेंडा बिन्दु मीटिंग में रखे। जिसमें विधायक मनोज कुमार मेघवाल, निवर्तमान उपसभापति अमित मारोठिया, सदस्य मनोज पारीक, राजेंद्र गिडिया, नर्सिंग अधीक्षक अन्नाराम गोदारा, स्टोर कीपर प्रकाश पारीक, प्रभारी अनिल कुमार मेघवाल, जगदीश प्रसाद, सहायक प्रोग्रामर हरिकिशन, विश्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## शौर्य दिवस व प्रतिमा अनावरण को लेकर गांव-गांव बांटे पीले चावल

### कार्यक्रम में पहुंचने का दिया न्योता



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** चूरू जिले में 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले शौर्य दिवस व लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की आदमकद प्रतिमा के अनावरण समारोह को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में विभिन्न गांवों में पीले चावल बांटकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। भाजपा नेता भागीरथ सिंह राठौड़ ने बताया कि जनरल सगत सिंह आधुनिक भारत के महानतम सैन्य नायकों में से एक रहे हैं, जिन्होंने 1961 में गोवा मुक्ति, 1967 में नाथू ला संघर्ष तथा 1971 के युद्ध में अहम भूमिका निभाते हुए बांग्लादेश के निर्माण में योगदान दिया। पवन सिंह राठौड़ ने कहा कि सगत सिंह भले ही कुसुमदेसर में जन्मे, लेकिन उनके कार्यों ने पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार को लेकर पायली, भरपालसर, आबडसर, छाजूसर, बंडवा, बिनादेसर, लाछड़सर, परसनेऊ, आलसर, आलसरबास, ढढेरू, जेगनिया, दसूसर सहित कई गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान करणी सिंह (पूर्व सरपंच), दातार सिंह (सरपंच), रितेश कुमार (पूर्व सरपंच), छोटू सिंह राजपुरोहित (मंडल अध्यक्ष), गजेंद्र सिंह, गिरवीर सिंह, भगवान दास, करणी सिंह राजियासर, महेंद्र सिंह, पर्वत सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक कदम : सपना शर्मा

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता व मण्डावा नपा की वरिष्ठ पार्षद रही सपना शर्मा ने कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33' सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित एक निर्णायक भागीदारी है। महिलाएं अब केवल वोटर नहीं, बल्कि नीति-निर्माता बनेंगी। बदलाव का युग यह सिर्फ एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक 'परिभाषित क्षण' है। इस बिल का संसद के दोनों सदनों में पारित होना राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर



राष्ट्रहित को दर्शाता है। सपना शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा की सशक्त भारत पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच, जो महिला सशक्तिकरण के माध्यम से 'विकसित भारत' की कल्पना को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री ने इस कानून को उन अनगिनत महिलाओं को समर्पित किया है जिन्होंने राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया है।

## शादी सीजन में गैस सिलेंडर की किल्लत, 15-20 सिलेंडर जुटाना बना सबसे बड़ी चुनौती



जयपुर टाइम्स

**मंडावा/झुंझुनूं(निस)।** क्षेत्र में चल रहे शादी-समारोह के सीजन के बीच गैस सिलेंडर की आपूर्ति में आ रही देरी ने आम लोगों से लेकर आयोजनकर्ताओं तक की चिंता बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि जिन घरों में आने वाले दिनों में विवाह हैं, वहां अन्य तैयारियों से ज्यादा गैस सिलेंडर की व्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई है। जानकारी के अनुसार एक बड़े शादी समारोह में भोजन व्यवस्था के लिए सामान्यत: 15 से 20 गैस सिलेंडर की आवश्यकता होती है, लेकिन वर्तमान में एक साथ इतने सिलेंडर जुटाना मुश्किल हो रहा है। कई आयोजकों को बुकिंग के बाद भी समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे, जिससे रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। घरेलू उपभोक्ताओं को भी राहत नहीं मिल रही है। लोगों का कहना है कि सिलेंडर बुकिंग के बाद 2 से 4 दिन तक डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे रोजमर्रा की रसोई प्रभावित हो रही है। क्षेत्र में भारत गैस, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की एजेंसियों के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है, लेकिन बढ़ती मांग के कारण दबाव बना हुआ है।

## रतनगढ़ में वोटर लिस्ट ड्राफ्ट को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल पहुंचा जयपुर

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** शहर में वार्ड परिसीमन के बाद तैयार की जा रही मतदाता सूची के ड्राफ्ट में कथित अनियमितताओं और गड़बड़ियों को लेकर भाजपा रतनगढ़ शहर मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, चूरू जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा और चुनाव आयोग के सचिव राजेश वर्मा से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया। शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बीएलओ की ओर से परिसीमन के बाद दो-तीन बार क्षेत्र का निरीक्षण कर घर-घर सर्वे किया जाता, तो ऐसी अनियमितताओं से बचा जा सकता था। उन्होंने आशंका जताई कि यदि बिना उचित सत्यापन के ही मतदाता सूची बनाई गई, तो भविष्य में भी ऐसी गलतियां बनी रह सकती हैं। जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की ओर से परिसीमन के बाद क्षेत्र का सही तरीके से भौतिक सत्यापन किए बिना ही मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार कर दिया गया, जिसके कारण लगभग हर वार्ड में बड़ी संख्या में त्रुटियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जमीनी स्तर पर सत्यापन नहीं किया जाता, तब तक इस प्रकार ड्राफ्ट तैयार करना न्यायसंगत नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने सभी संबंधित नेताओं और अधिकारियों से मांग की है कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट में पाई गई अनियमितताओं को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, मंत्री भिवराज प्रजापत, हेमंत पंवार, शिवम सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा राठौड़ का जन्मदिन, चूरू में 22 अप्रैल को होगी सभा

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाने तथा पद्मभूषण जनरल सगत सिंह की स्मृति में प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को लेकर 22 अप्रैल को चूरू की कृषि उपज मंडी में प्रस्तावित विशाल जनसभा के लिए तारानगर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के अनेक गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का न्यौता दिया गया। जांगिड़ ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ पिछले करीब चार दशकों से जनसेवा में समर्पित हैं और हमेशा जनता के बीच उपलब्ध रहते हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर शौर्य दिवस मनाना गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर देश के गौरव जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में ओम बिरला, भजनलाल शर्मा, ओम माथुर, अर्जुनराम मेघवाल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। जनसंपर्क अभियान के तहत गोगटिया कछावतान, ढाणी कुम्हारन, ढाणा पट्टा सात्यूँ, सात्यूँ, राजपुरा, मोरथल, बास नेहरा, हड़ियाल, ब्रह्मनगर, बास संगर, नरसिंहनगर, बास फगेडिया, ढाणी मोतीसिंह, ढाणा पट्टा राजपुरा, ढिंगी, लाम्बा की ढाणी रतनपुरा, राजू की ढाणी, झाड़सर बड़ा, झाड़सर धुआं, चाहरों का बास, अभयपुरा, जवानीपुरा, बीघरान सहित दर्जनों गांवों में ग्रामीणों से संपर्क कर 22 अप्रैल को प्रातः 10 बजे चूरू पहुंचने का आह्वान किया गया। इस दौरान भाजपा नेता रतनसिंह राठौड़, महावीर पूनिया, विधानसभा संयोजक अजीतसिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष मदन नायक, पूर्व सरपंच लीलाधर बागोरिया, राजेंद्र जोइया, शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, संदीप सिंह राठौड़, मदन गुरी, शिवराम सिहाग, अमीलाल मेघवाल, राकेश शर्मा, राजेंद्र सिंह, साबिर हुसैन, सूर्यप्रकाश ढाका, हरि इंदौरिया, मेनपाल राहड़, चिरंजी भारद्वाज, रणजीतसिंह, आशीष दाधीच सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नीमकाथाना में थानाधिकारी सहित चार पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निस)।** क्षेत्र में पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें न्यायालय के आदेश पर कोतवाली थाना नीमकाथाना के थानाधिकारी सहित चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बालाजी नगर निवासी बिमला देवी की ओर से प्रस्तुत परिवाद पर सुनवाई के बाद 4 अप्रैल 2026 को कोतवाली थाने में एफआईआर संख्या 0110 दर्ज की गई। प्रकरण में थानाधिकारी विजेंद्र सिंह, कांस्टेबल मनोज, आशीष, रामसिंह खोखर सहित अन्य को नामजद किया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। परिवाद में आरोप है कि 10 जनवरी 2026 की रात पुलिसकर्मी बिना वारंट घर में घुस आए और परिवार के साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार किया। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार व छेड़छाड़ के भी आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि परिवादिया के पुत्र को जबरन थाने ले जाकर मारपीट की गई तथा मोबाइल फोन वापस नहीं लौटाया गया। घटना से संबंधित वीडियो साक्ष्य भी प्रस्तुत किए जाने का दावा किया गया है। न्यायालय के निर्देश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रकरण की जांच पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान द्वारा की जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

## सरकारी कार्यालयो में 96 अधिकारी-कर्मचारी संविदा कार्मिक मिले अनुपस्थित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एडीएम संतोष मीणा के निर्देशों पर तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक की ओर से गठित अलग-अलग टीमों ने सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर उपस्थिति जांची, तो कुल 96 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। वहीं डीटीओ कार्यालय में डीटीओ बजरंगलाल सहित अनेक कर्मचारी, नगरपरिषद कार्यालय में सहायक अभियंता चारवी, सफाई निरीक्षक मुनालाल मीणा, ओमप्रकाश स्वामी सहित अनेक कर्मचारी, विद्युत निगम में सहायक अभियंता मुकेश देवड़ा सहित अनेक कार्मिक नदारद मिले हैं। अचानक हुए इस निरीक्षण से सरकारी कार्यालयो में हड़कम्प सा मच गया। एडीएम संतोष मीणा ने बताया कि सभी अनुपस्थिति कार्मिकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। वहीं नगरपरिषद, विद्युत निगम, सरकारी अस्पताल, जलदाय विभाग आदि से सम्बंधित कार्यालयों का निरीक्षण करने पर यह बड़ा गड़बड़झाला सामने आया। एडीएम ने खुद तहसील कार्यालय, उपखंड कार्यालय आदि ऑफिसेज का निरीक्षण किया। राजकीय उप जिला चिकित्सालय में जगदीश प्रसाद, कमलेश शर्मा, अनिल कुमार, हरिकृष्ण बिस्सु, विश्वजीत, सतीश कुमार, चन्द्रप्रकाश, भावना, संविदा कार्मिक गजानंद, कमलेश मंडावरिया, मनोज स्वामी, हीरालाल आदि अनुपस्थित पाए गए। सार्वजनिक निर्माण विभाग में कमल भाटी, हरीगोपाल, जयश्री पारीक, अरविंद, भवानीसिंह, पीएचईडी के एक्सईन कार्यालय में सुनीता, राजपाल, मनीष शर्मा, कैलाशचंद, विनोद, नरेंद्र, परवीन आदि अनुपस्थित मिले। उप पंजीयक कार्यालय में रूपचंद स्वामी, उपखंड अधिकारी कार्यालय में निर्मल सिंह, बाल विकास में सुनील, अशोक, सरोज, सीबीईईओ में सीबीईओ सुनीता पुनिया, एसीबीईईओ मंजू पंवार, रतनलाल, सुनील, मधु, आशीष, लक्ष्मी, बुधाराम, राजीविका में संदीप, राजेश, पवन, अयूब, सांख्यिकी में श्योपालसिंह अनुपस्थित मिले। एडीएम संतोष मीणा ने बताया कि सभी अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। सोचने वाली बात ये है कि अधिकारी कर्मचारी समय पर अपने कार्यालय नहीं पहुंचते, तो जनता के काम समय पर कैसे करते होंगे।

## 3.217 किलो अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्थान पुलिस की एएनटीएफ टीम ने राजलदेसर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 3 किलो 217 ग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 16 लाख रुपए बताई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद के निर्देशन में एएनटीएफ हनुमानगढ़ को सूचना मिली थी कि राजलदेसर क्षेत्र में प्रदीप नामक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई करता है। इस पर टीम ने सादा वेश में क्षेत्र में जानकारी जुटाई और आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने अफीम अपने घर के बजाय खेत में छुपा रखी है। इस सूचना पर एएनटीएफ टीम ने राजलदेसर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए खेत में दबिश दी। प्रशिक्षित डॉग की सहायता से टीम ने छिपाई गई अफीम बरामद कर ली। पुलिस ने प्रदीप रायल (23) पुत्र प्रहलाद तथा राजू (33) पुत्र लक्ष्मण राम, दोनों निवासी राजलदेसर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में एएनटीएफ हनुमानगढ़, गंगानगर एवं राजलदेसर पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। मामले की जांच एसआई गिरधारी लाल, थाना रतनगढ़ को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है।

## आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक पद पर दीपिका गढ़वाल का चयन

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** क्षेत्र के बीदसर निवासी दयाराम गढ़वाल की सुपौत्री, राकेश गढ़वाल की पुत्री व राजेन्द्र गढ़वाल की भतीजी दीपिका गढ़वाल का आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक पद पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। दीपिका की इस उल्लेखनीय सफलता पर परिवारजनों, रिश्तेदारों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयाँ दीं। क्षेत्रवासियों ने इसे पूरे इलाके के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए दीपिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दीपिका की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि समूचे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

## जनसुनवाई में भिड़े डोटासरा व गोदारा, हंगामे से बाधित रही कार्यवाही

जयपुर टाइम्स





**लक्ष्मणगढ़(निस)।** ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई, जब पीसीसी चीफ व स्थानीय विधायक गोविंद सिंह डोटासरा और भाजपा नेता भागीरथ गोदारा के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। करीब दस मिनट तक चले इस घटनाक्रम के चलते सभागार में गहमागहमी का माहौल बना रहा, जिसे बाद में अधिकारियों और मौजूद लोगों की समझाइश से शांत कराया गया। जनसुनवाई में डोटासरा ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए कई मामलों में अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए। इसी दौरान गोदारा ने जलजीवन मिशन के तहत झाड़ेवा व बिड़ोदी गांवों में नल कनेक्शन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। जवाब के दौरान हस्तक्षेप को लेकर दोनों नेताओं के बीच विवाद बढ़ गया और वे एक-दूसरे को बैठने व चुप रहने के लिए कहते नजर आए।स्थिति को संभालने के लिए थानाधिकारी राजाराम लेघा को हस्तक्षेप करना पड़ा, हालांकि इस दौरान उनकी भी गोदारा से हल्की नोंकझोंक हो गई। अंततः अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया और जनसुनवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ सकी। जनसुनवाई में गैस सिलेंडर वितरण में अव्यवस्थाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा, जिस पर डोटासरा ने गैस एजेंसी संचालकों को फटकार लगाते हुए स्टाफ बढ़ाने और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। वहीं, ओलागढ़, डूडवा और नरोदड़ा गांवों के जर्जर स्कूल भवनों को लेकर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए।नेशनल हाईवे पर बढ़ते सड़क हादसों को लेकर भी चर्चा हुई। थानाधिकारी लेघा ने तकनीकी खामियों को दुर्घटनाओं का कारण बताते हुए सुधार की जरूरत बताई। इस पर डोटासरा ने सीकर कलेक्टर से फोन पर वार्ता कर दुर्घटना संभावित स्थलों को दुरुस्त करने, नहरी पानी की मात्रा बढ़ाने, नेचर पार्क के सामने सड़क निर्माण शीघ्र पूरा करने और ट्रॉमा सेंटर में रिक्त पद भरने के निर्देश दिलवाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य समय पर नहीं हुए तो उन्हें धरने पर बैठना पड़ेगा।इस दौरान वार्ड-38 की महिलाओं ने ट्यूबवेल बंद होने की शिकायत रखी। जलदाय विभाग ने नहर बंदी को कारण बताया, जिस पर डोटासरा ने ट्यूबवेल बहाल करने के निर्देश देते हुए आवश्यकता पड़ने पर विधायक कोटे से नया ट्यूबवेल उपलब्ध कराने की बात कही।जनसुनवाई में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने भी अपने-अपने इलाकों की समस्याएं उठाई।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।